शुभारम्भ किया। सीनियर वर्ग व जूनियर बालक वर्ग के 200 मीटर दौड के साथ 200 मीटर जूनियर वर्ग के बालिका ने दौड की प्रतियोगिता हुई। जिसमें सीनियर वर्ग 200 मीटर दौड में अमरजीत गौतम कक्षा- 11 प्रथम, अभिषेक गिरी कक्षा- 10 को द्वितीय व नूर मोहम्मद कक्षा- 11 तृतीय स्थान प्राप्त किये। जूनियर वर्ग 200 मीटर में बालक में प्रथम स्थान रंजीत कक्षा- 9, द्वितीय स्थानअब्दुल कुदुश कक्षा- 9 व तृतीय स्थान विवेक चौहान कक्षा- 7 ने पाया। 200 मीटर जूनियर वर्ग बालिका में प्रथम स्थान अंशु चौहान कक्षा- 9, द्वितीय स्थान आंचल सिंह व तृतीय स्थान खुशी यादव कक्षा- 7 ने स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर सीनियर वर्ग बालिका में प्रथम स्थान गोल्डी चौहान कक्षा- 12, द्वितीय स्थान संजना गुप्ता कक्षा- 11 व तृतीय स्थान आचंल गुप्ता कक्षा- 10 ने स्थान पक्का किये। इसके साथ 100 मीटर दौड, लम्बी कुद, ऊची कुद, गोला फेक, भाला फेक, खो- खो, क्रिकेट, रंगोली प्रतियोगिता आदि की आयोजन चल रहा था। जिनको अतिथियों द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में कक्षा- 11 की टीम विजेता रही, वही उपविजेता कक्षा -10 की टीम रही। विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। रंगोली में कुल 21 टीमे प्रतिभाग की, तथा मेहदी में 17 समूह में छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कालेज के प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र व कैप पहना कर स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर राजकिय हाईस्कूल कटाई भरपुरवा के प्रधानाचार्य उदल कुमार, पीटी अध्यापक सत्येन्द्र कुमार सिंह, आर्दश तिवारी, सुजित पटेल, अभिषेक चौहान समेत अध्यापक सुशील कुमार, विजय कुशवाहा, शिवेन्द्र प्रकाश, गुलाब गुप्ता, प्रमोद सिंह, दिनेश यादव, नीतीश गुप्ता, रिपिका, निधि, पूजा, शीतल, रीमा आदि उपस्थित रहे।

# शैक्षिक गतिविधियाँ : समाचार पत्रों की सुर्खियों में

## छितौनी इं. कॉ. में आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम



**खड्डा, कुशीनगर। (स्पष्ट आवाज)।** स्थानीय छितौनी इण्टर कॉलेज में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बोर्ड परीक्षा 2025 में हाईस्कूल, इंटर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तीन छात्र/छात्राओं को मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी मोहम्मद जफर द्वारा पुरस्कृत किया गया।

प्रतिभा सम्मान समारोह में सर्वप्रथम मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जफर एवं प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परिसर में एक पौध का रोपण किया। टापर छात्रों में मुख्य रूप से कृष्णा कुशवाहा, शालिनी गोंड़, सौरभ मिश्रा, रूदल, बिगनेश कुमार, काजल कुशवाहा, प्रियंका कुशवाहा, अंकिता गोंड़, बन्दना कुशवाहा, नीलेश, आस्था कुशवाहा को पुरस्कृत किया गया। अवसर पर एसडीएम द्वारा उपस्थित बच्चों को पर्यावरण एवं वृक्ष के सुरक्षा के लिए शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर वर्ग में पिंकी साहनी व काजल कुशवाहा प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण के उपरांत छात्रों को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि पुरस्कार अच्छे व्यवहार को और प्रतिस्पर्धी भावना को प्रोत्साहित करने का एक तरीका है। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता आंनद कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। अंत मे प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने अतिथि का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक कमरुद्दीन अली अंसारी, विजय कुशवाहा, नीतीश गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, संजीव सिंह, दिनेश यादव,रीना देवी , उपेंद्र गुप्ता, महेश साहनी, रीपिका, निधि गुप्ता, यादवेंद्र पटेल आदि मौजूद रहे।

## छितौनी इंटर कॉलेज में योग सप्ताह के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**निर्वाण टाइम्स, छितौनी/कुशीनगर।** आगामी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के मद्देनजर, जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, कुशीनगर के निर्देश पर सोमवार को स्थानीय छितौनी इंटर कॉलेज में एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 11 एवं 12 की छात्राओं की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा 11 से पिंकी साहनी, प्रियंका साहनी, खुशबु खातून और अनुराधा कुशवाहा ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, जबकि कक्षा 12 से रागनी चौहान, राधिका भारती और मनीषा कुशवाहा ने अपनी रचनात्मकता से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने सभी उपस्थित लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने की मार्मिक अपील की। उन्होंने योग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला, और इसे एक स्वस्थ व संतुलित जीवन के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में शिक्षक विजय कुशवाहा, कमरुद्दीन अली अंसारी, दिनेश चंद यादव, लिपिक प्रमोद सिंह, जितेंद्र यादव सहित तमाम छात्र/छात्राएं और कर्मचारीगण उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता का अवलोकन किया और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



## छितौनी इंटर कालेज में आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम

केपीपीएन संवाददाता



कुशीनगर। छितौनी इण्टर कॉलेज,छितौनी कुशीनगर में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बोर्ड परीक्षा 2025 में हाईस्कूल, इंटर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तीन छात्र/छात्राओं को मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मो० जफर द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें मुख्य रूप रो कृष्णा कुशवाहा, शालिनी गोंड़, सौरभ मिश्रा, रूदल, बिगनेश कुमार, काजल कुशवाहा, प्रियंका कुशवाहा, अंकिता गोंड़, बन्दना कुशवाहा, नीलेश, आस्था कुशवाहा शामिल रहे। इस समारोह में उपजिलाधिकारी खड्डा ने एक पौध का रोपण किया तथा उस पौध के सुरक्षा हेतु इंटर कृषि की छात्रा बन्दना को नामित किया। उप जिलाधिकारी खड्डा ने उपस्थित बच्चों को पर्यावरण एवं वृक्ष के सुरक्षा के लिए शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर वर्ग में पिंकी साहनी व काजल कुशवाहा प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण के उपरांत छात्रों को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी खड्डा ने कहा कि पुरस्कार अच्छे व्यवहार को और प्रतिस्पर्धी भावना को प्रोत्साहित करने का एक तरीका है। छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करना इस वजह से भी जरूरी है जिससे उनमें एक नई उर्जा का संचार हो और वह कुछ नया करने के लिए जागरूक रहे। इससे छात्रों के हौसला बढता है। छात्रों के बीच आगे बढने की प्रेरणा जागृत होती है। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता आंनद कुशवाहा ने छात्र–छात्राओं को बधाई दी। अंत मे प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने अतिथि का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक कमरुद्दीन अली अंसारी, विजय कुशवाहा, नीतीश गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, संजीव सिंह, दिनेश यादव,रीना देवी , उपेंद्र गुप्ता, महेश साहनी, रीपिका, निधि गुप्ता, यादवेंद्र पटेल, विवेकानंद यादव, लिपिक जितेंद्र यादव , गुलाब गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

## गणित दिवस पर हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**खड्डा, कुशीनगर। (स्पष्ट आवाज)।** नगर पंचायत छितौनी के छितौनी इण्टर कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता हाईस्कूल व इण्टर दो वर्गों में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर हाईस्कूल वर्ग में प्रदीप गुप्ता प्रथम, अजीत कुमार शर्मा द्वितीय एवं साहिल शर्मा को तृतीय स्थान तथा इण्टर वर्ग में सत्य प्रकाश पासी प्रथम, रितेश कुशवाहा द्वितीय और सोनू चैहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दोनो वर्गो से 02 छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। प्रतियोगिता के प्रभारी गणित शिक्षक नितिश कुमार गुप्ता एवं निर्णायक मंडल में सहायक अध्यापक सुशील कुमार, आदर्श कुमार तिवारि, शिवेन्द्र प्रकाश एवं विजय कुमार कुशवाहा शामिल रहे। दोनो ही स्पर्धाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले 05-05 छात्र/छात्राओं को प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अध्यापक संजीव कुमार सिंह, उपेंद्र गुप्ता, दिनेश यादव, विदुर जायसवाल, विवेकानन्द यादव, महेश साहनी, निधि गुप्ता, रिपिका, रीमा चौधरी, देवी, अंजली कान्दू, रोशनी शर्मा, सहित तमाम छात्र /छात्राएं उपस्थित रहीं।

## छितौनी इंटर कॉलेज में अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**खड्डा, कुशीनगर। (स्पष्ट आवाज)।** नगर पंचायत छितौनी स्थित छितौनी इंटर कॉलेज में शनिवार को अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ ही अभिभावक/ शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य विद्यालय, शिक्षक और अभिभावकों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियो के शैक्षिक विकास को और बेहतर बनाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 6 से इंटरमीडिएट तक के 16 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अभिभावक संघ की ओर से सम्मानित किया गया। इसके अलावा कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा में टॉप तीन स्थान प्राप्त करने वाले कुल 36 मेधावी छात्रों को छह माह तक निःशुल्क शिक्षण के साथ प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस पहल की अभिभावकों और विद्यार्थियों ने सराहना की। बैठक में प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रहलाद मौर्य ने कहा कि विद्यालय और अभिभावक मिलकर ही बच्चों के उज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और सह-शैक्षिक गतिविधियों को मजबूती प्रदान की जा रही है। प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने अभिभावकों से अपील किया कि बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति, होमवर्क और मोबाइल उपयोग पर लगातार ध्यान दें। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या या सुझाव के लिए विद्यालय से संवाद बनाए रखना आवश्यक है, जिससे बच्चों की कमजोरियों की पहचान कर उन्हें सुधारने में मदद मिल सके। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानाचार्य सुशील कुमार, शिवेंद्र प्रकाश, पीटीए अध्यक्ष चंद्रभान शर्मा, रमायण कुशवाहा सहित कई सदस्यों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। संचालन वरिष्ठ अध्यापक आदर्श तिवारी ने किया। इस अवसर पर अभिभावक जवाहर प्रसाद कुशवाहा, राम प्रसाद कुशवाहा, विधासागर सहित शिक्षक गण उपस्थित रहे।

**आयोजन**

- पीटीए की नई पहल से छात्रों का हुआ उत्साहवर्धन
- 36 मेधावी छात्रों को छह माह तक निःशुल्क शिक्षण के साथ प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

## चित्रकला में काजल व क्विज में पिंकी की टीम सफल



**खड्डा, कुशीनगर। (स्पष्ट आवाज)।** छितौनी इण्टर कॉलेज में बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में इण्टर की चार टीमें शामिल हुई, जिसमें टीम सी सर्वाधिक 115 अंक प्राप्त कर विजयी हुई।

संविधान दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता में टीम सी में पिंकी साहनी, प्रियंका साहनी, सुनील कुशवाहा, कंचन कुशवाहा शामिल रहे। इसके अतिरिक्त संविधान दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें काजल प्रथम, संगम द्वितीय एवं अंजनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत कर संविधान दिवस की महत्ता बताते हुए शपथ भी दिलाई गई। क्विज प्रतियोगिता के आयोजक मंडल में सुशील कुमार, आदर्श कुमार तिवारी, विजय कुमार कुशवाहा शामिल रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह, शिक्षक शिवेंद्र प्रकाश, उपेंद्र गुप्ता, दिनेश यादव, महेश साहनी, विवेकानंद यादव, यादवेंद्र पटेल, संजीव सिंह, शीतल कुशवाहा, रिपिका, रीना देवी, यादवेंद्र पटेल, नीतीश गुप्ता, पूजा यादव, रोशनी शर्मा, लिपिक प्रमोद सिंह, जितेंद्र प्रसाद यादव सहित तमाम छात्र, छात्राएं उपस्थित रहीं।

## राष्ट्रीय किसान दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस मनाया गया



(उग्रसेन कुमार गुप्ता)

कुशीनगर छितौनी इण्टर कॉलेज, छितौनी में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता इंटरमीडिएट कृषि वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए थी। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों के योगदान को सम्मान देना और छात्रों में कृषि के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया, जिनसे कृषि से संबंधित 20 प्रश्न पूछे गए। प्रश्न-उत्तर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही, जिसमें पहले हाथ उठाने वाले प्रतिभागी को उत्तर देने का अवसर मिला। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद वंदना कुशवाहा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोनू चौहान की टीम द्वितीय और आस्था कुशवाहा की टीम तृतीय स्थान पर रही। क्विज के प्रश्न वरिष्ठ अध्यापक आदर्श तिवारी, शिवेन्द्र प्रकाश और विजय कुशवाहा द्वारा तैयार किए गए थे। इन प्रश्नों के माध्यम से छात्रों के कृषि ज्ञान, तर्कशक्ति और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का परीक्षण किया गया। समापन समारोह में प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह और अतिथि अध्यापक संजय श्रीवास्तव, अख्तर हुसैन मुकेश पाठक तथा अनिल सिंह ने विजेता टीमों को प्रमाण पत्र, मेडल और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसी शैक्षणिक गतिविधियां छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाती है और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करती है। इस अवसर पर उपेन्द्र गुप्ता संजीव सिंह नितिश गुप्ता महेश साहनी, विदुर जायसवाल विवेकानन्द यादव निधि रिपिका शीतल दिनेश यादव अंजली रोशनी शर्मा सहित विद्यालय परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन**



खड्डा कुशीनगर। खड्डा तहसील अंतर्गत नगर पंचायत छितौनी में स्थित छितौनी इण्टर कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता हाईस्कूल व इण्टर दो वर्गों में आयोजन किया गया। हाईस्कूल स्कूल वर्ग मे प्रदीप गुप्ता प्रथम, अजित कुमार शर्मा द्वितीय, साहिल शर्मा को तृतीय तथा इण्टर वर्ग में सत्य प्रकाश पासी प्रथम, रितेश कुशवाहा द्वितीय, सोनू चैहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दोनो वर्गो से 02 छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। प्रतियोगिता के प्रभारी गणित शिक्षक नितिश कुमार गुप्ता थे। निर्णायक मंडल में सहायक अध्यापक सुशील कुमार, आदर्श कुमार तिवारी, शिवेन्द्र प्रकाश एवं विजय कुमार कुशवाहा शामिल रहे। दोनो स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले 05-05 छात्र/छात्राओं को प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अध्यापक संजीव कुमार सिंह, उपेंद्र गुप्ता, दिनेश यादव, विदुर जायसवाल, विवेकानन्द यादव, महेश साहनी, निधि गुप्ता,रिपिका, रीमा चैधरी, देवी, अंजली कान्दू, रोशनी शर्मा, सहित तमाम छात्र /छात्रा उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले मेधावी पुरस्कृत

**छितौनी।** कस्बा के छितौनी इंटर कॉलेज परिसर में बृहस्पतिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रथम तीन मेधावियों को पुरस्कृत किया। एसडीएम मोहम्मद जफर ने कहा कि पुरस्कार अच्छे व्यवहार को और प्रतिस्पर्धा भावना को प्रोत्साहित करने का एक तरीका है। संवाद

**दैनिक सवेरा टाइम्स — Kushinagar**

छितौनी इण्टर कॉलेज में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन :

## राष्ट्रीय किसान दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस मनाया गया





अबुलैश अंसारी जिला संवाददाता कुशीनगर

कुशीनगर छितौनी इण्टर कॉलेज, छितौनी में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता इंटरमीडिएट कृषि वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए थी। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों के योगदान को सम्मान देना और छात्रों में कृषि के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया, जिनसे कृषि से संबंधित 20 प्रश्न पूछे गए। प्रश्न-उत्तर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही, जिसमें पहले हाथ उठाने वाले प्रतिभागी को उत्तर देने का अवसर मिला। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद वंदना कुशवाहा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोनू चौहान की टीम द्वितीय और आस्था कुशवाहा की टीम तृतीय स्थान पर रही।क्विज के प्रश्न वरिष्ठ अध्यापक आदर्श तिवारी, शिवेन्द्र प्रकाश और विजय कुशवाहा द्वारा तैयार किए गए थे। इन प्रश्नों के माध्यम से छात्रों के कृषि ज्ञान, तर्कशक्ति और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का परीक्षण किया गया।समापन समारोह में प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह और अतिथि अध्यापक संजय श्रीवास्तव, अख्तर हुसैन मुकेश पाठक तथा अनिल सिंह ने विजेता टीमों को प्रमाण पत्र, मेडल और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसी शैक्षणिक गतिविधियां छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करती हैं।इस अवसर पर उपेन्द्र गुप्ता संजीव सिंह नितिश गुप्ता महेश साहनी, विदुर जायसवाल विवेकानन्द यादव निधि रिपिका शीतल दिनेश यादव अंजली रोशनी शर्मा सहित विद्यालय परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे।

**दैनिक सवेरा टाइम्स — Kushinagar**

छात्राओं को सुरक्षा व साइबर जागरुकता की जानकारी दी गई :

## छितौनी इंटर कॉलेज में 'मिशन शक्ति' के तहत छात्राओं को मिली सुरक्षा की जानकारी





कार्यक्रम को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक हनुमानगंज संजय कुमार

कुशीनगर छितौनी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को सुरक्षा व साइबर जागरूकता की जानकारी दी गई। कस्बा स्थित छितौनी इंटर कॉलेज में बुधवार को साइबर हेल्प डेस्क के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में हनुमानगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार एवं महिला कांस्टेबल ज्योति तिवारी ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, सम्मान तथा साइबर अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। साथ ही उन्होंने छात्राओं को विभिन्न सुरक्षा हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अन्याय के विरुद्ध चुप रहना अपराधियों को बढ़ावा देता है, इसलिए छात्राओं को गलत के खिलाफ आवाज उठाने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने आत्मसंयम, चरित्र निर्माण और आत्मरक्षा पर विशेष जोर दिया।उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर है और इसी उद्देश्य से एंटी रोमियो दल एवं डायल 112 की टीमें विद्यालयों के आने-जाने के समय विशेष निगरानी रखती हैं। एसएचओ ने छात्राओं को किसी के बहकावे में आकर गलत आरोप न लगाने, सच्चाई के साथ खड़े रहने तथा मोबाइल में किसी भी प्रकार की अवांछित फाइल डाउनलोड न करने की सलाह दी। साथ ही अपरिचित व्यक्तियों से चैट न करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस हर परिस्थिति में छात्राओं के साथ खड़ी है। महिला कांस्टेबल ज्योति तिवारी ने साइबर अपराध से संबंधित अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को सतर्क रहने के उपाय बताए। कॉलेज के प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शिवेंद्र प्रकाश ने किया।इस अवसर पर शिक्षक सुशील कुमार, आदर्श तिवारी, विजय कुशवाहा, संजीव सिंह, दिनेश यादव, बिदुर जायसवाल, उपेंद्र गुप्ता, विवेकानंद यादव, नीतीश गुप्ता, महेश साहनी, प्रमोद सिंह सहित निधि गुप्ता, रिपिका, शीतल कुशवाहा, पूजा यादव, रोशनी शर्मा, रीमा देवी, अंजली कांडू, आकाश गुप्ता सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**लोकभारती न्यूज**

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को मिली सुरक्षा की जानकारी



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक हनुमानगंज संजय कुमार

खड्डा कुशीनगर जनपद के छितौनी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को सुरक्षा व साइबर जागरूकता की जानकारी दी गई। कस्बा स्थित छितौनी इंटर कॉलेज में बुधवार को साइबर हेल्प डेस्क के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हनुमानगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार एवं महिला कांस्टेबल ज्योति तिवारी ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, सम्मान तथा साइबर अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। साथ ही उन्होंने छात्राओं को विभिन्न सुरक्षा हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अन्याय के विरुद्ध चुप रहना अपराधियों को बढ़ावा देता है, इसलिए छात्राओं को गलत के खिलाफ आवाज उठाने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने आत्मसंयम, चरित्र निर्माण और आत्मरक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर है और इसी उद्देश्य से एंटी रोमियो दल एवं डायल 112 की टीमें विद्यालयों के आने–जाने के समय विशेष निगरानी रखती हैं। एसएचओ ने छात्राओं को किसी के बहकावे में आकर गलत आरोप न लगाने, सच्चाई के साथ खड़े रहने तथा मोबाइल में किसी भी प्रकार की अवांछित फाइल डाउनलोड न करने की सलाह दी। साथ ही अपरिचित व्यक्तियों से चैट न करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस हर परिस्थिति में छात्राओं के साथ खड़ी है। महिला कांस्टेबल ज्योति तिवारी ने साइबर अपराध से संबंधित अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को सतर्क रहने के उपाय बताए। कॉलेज के प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शिवेंद्र प्रकाश ने किया। इस अवसर पर शिक्षक सुशील कुमार, आदर्श तिवारी, विजय कुशवाहा, संजीव सिंह, दिनेश यादव, बिदुर जायसवाल, उपेंद्र गुप्ता, विवेकानंद यादव, नीतीश गुप्ता, महेश साहनी, प्रमोद सिंह सहित निधि गुप्ता, रिपिका, शीतल कुशवाहा, पूजा यादव, रोशनी शर्मा, रीमा देवी, अंजली कांडू, आकाश गुप्ता सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## क्विज प्रतियोगिता में बंदना की टीम अव्वल



**खड्डा, कुशीनगर। (स्पष्ट आवाज)।** राष्ट्रीय किसान दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को छितौनी इण्टर कॉलेज में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता इंटरमीडिएट कृषि वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों के योगदान को सम्मान देना और छात्रों में कृषि के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने प्रतिभाग लिया, जिनसे कृषि से संबंधित 20 प्रश्न पूछे गए। प्रतिस्पर्धा के निर्णायक टीम ने वंदना कुशवाहा की टीम को प्रथम स्थान घोषित किया। सोनू चौहान की टीम द्वितीय और आस्था कुशवाहा की टीम तृतीय स्थान पर रही। क्विज के प्रश्न वरिष्ठ अध्यापक आदर्श तिवारी, शिवेन्द्र प्रकाश और विजय कुशवाहा द्वारा तैयार करने के बाद प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं की टीम से पूछे गए और कृषि ज्ञान, तर्कशक्ति और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का परीक्षण किया गया। समापन समारोह में प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह और अतिथि अध्यापक संजय श्रीवास्तव, अख्तर हुसैन, मुकेश पाठक तथा अनिल सिंह ने विजेता टीमों को प्रमाण पत्र, मेडल और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसी शैक्षणिक गतिविधियां छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं।

# शैक्षिक गतिविधियाँ : समाचार पत्रों की सुर्खियों में

दैनिक सवेरा टाइम्स — Kushinagar

**योग दिवस पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता :**

## योग दिवस पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में पिंकी और गुंजा अव्व






**11वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन**

News Banner Maker

कुशीनग स्थानीय नगर पंचायत छितौनी स्थित छितौनी इण्टर कॉलेज,छितौनी कुशीनगर में 11वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिग प्रतियोगिता में इण्टर वर्ग में पिंकी साहनी प्रथम, कंचन कुशवाहा द्वितीय, रागनी निषाद तृतीय जबकि हाईस्कूल वर्ग में गुंजा गुप्ता प्रथम, प्रिंस शर्मा द्वितीय, मनीषा व काजल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इससे पूर्व प्रातः छात्र/छात्राओं ने चेयरमैन अशोक निषाद, भाजपा नेता, आनंद कुशवाहा, राजेन्द्र अग्रवाल, सभासद रुस्तम अली, अरविंद चौधरी,दिलीप कुशवाहा, खुसबुद्दीन अंसारी, छोटेलाल शर्मा, सुनील गुप्ता एवं विद्यालय के शिक्षकों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर छात्रों से आह्वान किया गया कि वे सभी योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। इस अवसर पर शिक्षक सुशील कुमार,विजय कुशवाहा, संजीव सिंह,विवेकानंद यादव, रिपिका, निधि गुप्ता,महेश साहनी, उपेंद्र गुप्ता, कमरुद्दीन अंसारी, दिनेश यादव,नीतीश गुप्ता, यादवेंद्र पटेल सहित तमाम शिक्षक/कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। अंत मे प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## योग दिवस पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में पिंकी और गुंजा अव्वल



**निर्वाण टाइम्स, छितौनी (साबिर अली) कुशीनगर।** स्थानीय नगर पंचायत छितौनी स्थित छितौनी इण्टर कॉलेज,छितौनी कुशीनगर में 11वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । पेंटिग प्रतियोगिता में इण्टर वर्ग में पिंकी साहनी प्रथम, कंचन कुशवाहा द्वितीय, रागनी निषाद तृतीय जबकि हाईस्कूल वर्ग में गुंजा गुप्ता प्रथम, प्रिंस शर्मा द्वितीय, मनीषा व काजल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इससे पूर्व प्रातः छात्र/छात्राओं ने चेयरमैन अशोक निषाद, भाजपा नेता, आनंद कुशवाहा, राजेन्द्र अग्रवाल, सभासद रुस्तम अली,खुसबुद्दीन अंसारी, छोटेलाल शर्मा, सुनील गुप्ता एवं विद्यालय के शिक्षकों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर छात्रों से आह्वान किया गया कि वे सभी योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। इस अवसर पर शिक्षक सुशील कुमार,विजय कुशवाहा, संजीव सिंह,विवेकानंद यादव, रिपिका, नीतीश गुप्ता, यादवेंद्र पटेल सहित तमाम शिक्षक/कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। अंत मे प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

8 दैनिक जागरण गोरखपुर

**एक नजर में**

### रंगोली प्रतियोगिता में 14 टीमों ने किया प्रतिभाग

छितौनी : कस्बा स्थित छितौनी इंटर कालेज में हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण में शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा आठ से 12 तक की 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। उनमें इंटर कृषि वर्ग को प्रथम, कक्षा 10–बी टीम को द्वितीय व कक्षा 11 कला वर्ग की टीम को तृतीय स्थान मिला। प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह की देखरेख में हुई प्रतियोगिता का मूल्यांकन करने के बाद निर्णायक मंडल ने आस्था कुशवाहा की नेतृत्व वाली कक्षा 12 (कृषि वर्ग) की टीम ने पहला, रोहित निषाद के नेतृत्व वाली कक्षा 10–बी टीम को दूसरा और पिंकी साहनी की नेतृत्व वाली कक्षा 11 (कला वर्ग) की टीम को तीसरा स्थान दिया।

दैनिक सवेरा टाइम्स — Kushinagar

**छितौनी इंटर कॉलेज छितौनी में बाल दिवस की पूर्व संध्या पर दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न" :**

## दौड़ प्रतियोगिता में मुकेश गिरी एवं आँचल गुप्ता विजेता





News Banner Maker

कुशीनगर स्थानीय इंटर कॉलेज छितौनी में बाल दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को बालक सीनियर वर्ग की 3000 मीटर तथा बालिका सीनियर वर्ग की 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक निषाद ने हरी झंडी दिखाकर किया। बालक वर्ग 3000 मीटर दौड़ में मुकेश गिरी ने प्रथम, अमरजीत ने द्वितीय तथा अभिषेक गिरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग 1500 मीटर दौड़ में आंचल गुप्ता ने प्रथम, आंचल सिंह ने द्वितीय तथा अंशु चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला एवं मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मेडल, शील्ड और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अशोक निषाद ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी उतना ही जरूरी है। खेल से शारीरिक व मानसिक दोनों प्रकार का विकास होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना ही आधी जीत के समान है। प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने विजेताओं को बधाई देते हुए घोषणा की कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मुकेश गिरी और आंचल गुप्ता की दो माह की फीस माफ की जाएगी।इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य सुशील कुमार, सभासद अरविंद चौधरी, वरिष्ठ अध्यापक आदर्श तिवारी, विजय कुशवाहा, यादवेंद्र पटेल, उपेंद्र गुप्ता, संजीव सिंह, महेश साहनी,पूजा यादव,रीमा चौधरी, रोशनी शर्मा शीतल कुशवाहा, रीना देवी, उपेन्द्र गुप्ता, निधि गुप्ता,रिपिका प्रमोद सिंह, जितेन्द्र यादव सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



## चित्रकला में काजल व क्विज में पिंकी की टीम सफल

लोकभारती न्यूज ब्यूरो



खड्डा कुशीनगर। जनपद के स्थानीय छितौनी इण्टर कॉलेज, छितौनी में बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में इण्टर की चार टीमें शामिल हुई। जिसमें टीम सी सर्वाधिक 115 अंक प्राप्त कर विजयी हुई। टीम सी में पिंकी साहनी, प्रियंका साहनी, सुनील कुशवाहा, कंचन कुशवाहा शामिल रहे। इसके अतिरिक्त संविधान दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें काजल प्रथम, संगम द्वितीय एवं अंजनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया । सभी बच्चो को संविधान की शपथ भी दिलाया गया। क्विज प्रतियोगिता के आयोजक मंडल में सुशील कुमार, आदर्श कुमार तिवारी, विजय कुमार कुशवाहा शामिल रहे।इस अवसर पर प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह, शिक्षक शिवेंद्र प्रकाश, उपेंद्र गुप्ता, दिनेश यादव, महेश साहनी, विवेकानंद यादव, यादवेंद्र पटेल, संजीव सिंह, शीतल कुशवाहा, रिपिका, रीना देवी, यादवेंद्र पटेल, नीतीश गुप्ता, पूजा यादव, रोशनी शर्मा, लिपिक प्रमोद सिंह, जितेंद्र प्रसाद यादव सहित तमाम छात्र व छात्रा उपस्थित रहे।

## पुरस्कार से छात्रों को मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा : मो0 जफर



लोकभारती न्यूज ब्यूरो

**खड्डा कुशीनगर ।** जनपद के खड्डा तहसील अंतर्गत नगर पंचायत छितौनी में स्थित छितौनी इण्टर कॉलेज में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बोर्ड परीक्षा 2025 में हाईस्कूल व इंटर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मो0 जफर द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कृष्णा कुशवाहा, शालिनी गौंड़, सौरभ मिश्रा, रूदल, बिगनेश कुमार, काजल कुशवाहा, प्रियंका कुशवाहा, अंकिता गौंड़, बन्दना कुशवाहा, नीलेश, आस्था कुशवाहा शामिल रहे इस इस दौरान एसडीएम ने पौध का रोपण उसके सुरक्षा हेतु इंटर कृषि की छात्रा बन्दना को नामित कर उपस्थित बच्चों को पर्यावरण एवं वृक्ष के सुरक्षा के लिए शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण दिवस पर विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर वर्ग में पिंकी साहनी व काजल कुशवाहा प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया पुरस्कार वितरण के उपरांत छात्रों को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि पुरस्कार अच्छे व्यवहार और प्रतिस्पर्धी भावना को प्रोत्साहित करने का एक तरीका है छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करना इस वजह से भी जरूरी है जिससे उनमें एक नई उर्जा का संचार हो और वह कुछ नया करने के लिए जागरूक रहे इससे छात्रों के हौसला बढ़ता है छात्रों के बीच आगे बढ़ने की प्रेरणा जागृत होती है कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता आनंद कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी अंत मे प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने अतिथि का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक कमरुद्दीन अली अंसारी, विजय कुशवाहा, नीतीश गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, संजीव सिंह, दिनेश यादव,रीना देवी , उपेंद्र, महेश साहनी, रीपिका, निधि गुप्ता, यादवेंद्र पटेल, विवेकानंद यादव, लिपिक जितेंद्र यादव , गुलाब गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

## रंगोली प्रतियोगिता में कृषि वर्ग की टीम अव्वल

**छितौनी।** स्थानीय छितौनी इंटर कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण में शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें कक्षा 8 से 12 तक की कुल 14 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 12 (कृषि वर्ग) की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया, जिसका नेतृत्व आस्था कुशवाहा ने किया। वहीं कक्षा 10-बी की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जिसका नेतृत्व रोहित निषाद ने किया।

कक्षा 11 (कला वर्ग) की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया, जिसका नेतृत्व पिंकी साहनी ने किया। प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह, सुशील कुमार, आदर्श तिवारी, शिवेंद्र प्रकाश, जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

## योग सप्ताह के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**छितौनी (एसएनबी)।** आगामी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर के निर्देश पर सोमवार को छितौनी इंटर कालेज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 11 एवं 12 की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कक्षा 11 से पिंकी साहनी, प्रियंका साहनी, खुशबु खातून और अनुराधा कुशवाहा ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, जबकि कक्षा 12 से रागनी चौहान, राधिका भारती और मनीषा कुशवाहा ने अपनी रचनात्मकता से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने की अपील की। इस दौरान शिक्षक विजय कुशवाहा, कमरुद्दीन अली अंसारी, दिनेश चंद यादव, प्रमोद सिंह, जितेंद्र यादव सहित तमाम छात्र/छात्राएं उपस्थित रहीं।

# शैक्षिक गतिविधियाँ : समाचार पत्रों की सुर्खियों में

## प्रतियोगिता में छात्राओं ने बनाई रंगोली

जासं, छितौनी : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर सोमवार को छितौनी इंटर कालेज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 11 एवं 12 की छात्राओं की टीम ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

कक्षा 11 की पिंकी साहनी, प्रियंका साहनी, खुशबू खातून व अनुराधा कुशवाहा ने अपनी कला के प्रदर्शन और कक्षा 12 की रागनी चौहान, राधिका भारती व मनीषा कुशवाहा ने अपनी रचनात्मकता से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने योग से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभ के बारे में बताया। कहा कि स्वस्थ व संतुलित जीवन के लिए योग आवश्यक है। इस मौके पर शिक्षक विजय कुशवाहा, कमरुद्दीन अली अंसारी, दिनेश चंद यादव, लिपिक प्रमोद सिंह, जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।



छितौनी इंटर कालेज मे रंगोली बनाने के बाद उपस्थित छात्राएं साथ मे शिक्षक • जागरण

## 300 छात्र–छात्राओं में निश्शुल्क पुस्तकें वितरित

छितौनी: समग्र शिक्षा अभियान के तहत छितौनी इंटर कालेज में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन कर प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह व पूर्व प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से जूनियर कक्षाओं के 300 छात्र–छात्राओं में निश्शुल्क पुस्तकों का वितरण किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थियों को पठन–पाठन में किसी तरह की बाधा न आए। इस मौके पर शिक्षक विजय कुमार कुशवाहा, योगेंद्र पटेल, उपेंद्र गुप्ता, सहायक लिपिक जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे। (विज्ञप्ति)।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता की गई आयोजित

### विजेता टीमों को मिलेगा स्वतंत्रता दिवस पर सम्मान





कम्प्यूटर जगत संवाददाता

छितौनी। स्थानीय छितौनी इंटर कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर के निर्देश पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। जिसमें कक्षा 8 से 12 तक की कुल 14 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 12 (कृषि वर्ग) की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया, जिसका नेतृत्व आस्था कुशवाहा ने किया। वहीं कक्षा 10-बी की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जिसका नेतृत्व रोहित निषाद ने किया। कक्षा 11कला वर्ग की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया, जिसका नेतृत्व पिंकी साहनी ने किया।प्रधानाचार्य ने जानकारी दी कि विजेता एवं प्रतिभागी टीमों को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। रंगोली प्रतियोगिता का निष्पक्ष मूल्यांकन निरीक्षण मंडल के सदस्यों सुशील कुमार, आदर्श तिवारी एवं शिवेंद्र प्रकाश द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से संजीव सिंह, नीतीश गुप्ता, महेश साहनी, उपेंद्र गुप्ता, दिनेश चंद्र यादव, निधि गुप्ता, रिपिका, रीना देवी, रोशनी शर्मा, पूजा यादव, शीतल कुशवाहा, विवेकानन्द यादव, बिदुर जायसवाल, लिपिक प्रमोद सिंह एवं जितेंद्र यादव शामिल रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर बढ़-चढ़ कर रंगोली प्रतियोगिता सहभागिता की।

## 300 छात्रों के हाथों में मिलीं निःशुल्क पुस्तकें



खड्डा, कुशीनगर। (स्पष्ट आवाज)। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत छितौनी स्थित छितौनी इंटर कॉलेज में शनिवार को निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जूनियर कक्षाओं के लगभग 300 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। पुस्तकों का वितरण कॉलेज के प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह और वरिष्ठ अध्यापक सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से किया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थी समय पर अपनी शिक्षा ग्रहण कर सकें और उन्हें पठन-पाठन में किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार कुशवाहा, यादवेंद्र पटेल, निधि गुप्ता, नीतीश गुप्ता, विवेकानन्द यादव, दिनेश चंद यादव, उपेन्द्र गुप्ता और सहायक लिपिक जितेन्द्र यादव मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित, विजेता टीमों को मिलेगा स्वतंत्रता दिवस पर सम्मान



केपीपीएन संवाददाता

कुशीनगर। स्थानीय छितौनी इंटर कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर के निर्देश पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य श्री आकाश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कक्षा 8 से 12 तक की कुल 14 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 12 (कृषि वर्ग) की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया, जिसका नेतृत्व आस्था कुशवाहा ने किया। वहीं कक्षा 10–बी की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जिसका नेतृत्व रोहित निषाद ने किया। कक्षा 11 (कला वर्ग) की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया, जिसका नेतृत्व पिंकी साहनी ने किया।प्रधानाचार्य ने जानकारी दी कि विजेता एवं प्रतिभागी टीमों को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। रंगोली प्रतियोगिता का निष्पक्ष मूल्यांकन निरीक्षण मंडल के सदस्यों सुशील कुमार, आदर्श तिवारी एवं शिवेंद्र प्रकाश द्वारा किया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से संजीव सिंह, नीतीश गुप्ता, महेश साहनी, उपेंद्र गुप्ता, दिनेश चंद्र यादव, निधि गुप्ता, रिपिका, रीना देवी, रोशनी शर्मा, पूजा यादव, शीतल कुशवाहा, विवेकानंद यादव, बिदुर जायसवाल, लिपिक प्रमोद सिंह एवं जितेंद्र यादव शामिल रहे। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति की भावना से ओत–प्रोत होकर बढ़–चढ़ कर रंगोली प्रतियोगिता सहभागिता की।

## छितौनी इंटर कॉलेज में तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति का उत्सव



कम्प्यूटर जगत संवाददाता

छितौनी, कुशीनगर: हर घर तिरंगा अभियान के तहत छितौनी इंटर कॉलेज, कुशीनगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा विद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होकर छितौनी रेलवे स्टेशन तक गई और पुनः विद्यालय पर समाप्त हुई। यात्रा को विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं रीना देवी, निधि गुप्ता, रीपिका, शीतल कुशवाहा, पूजा यादव और रोशनी शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में शामिल छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए समाज में राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम का संदेश प्रसारित किया। सभी बच्चों के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहा था, जिसने यात्रा को और आकर्षक बनाया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से उपनिरीक्षक अमर सिंह मय फोर्स मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह, वरिष्ठ अध्यापक सुशील कुमार, आदर्श तिवारी, शिवेंद्र प्रकाश, लिपिक प्रमोद सिंह, जितेंद्र यादव, शिक्षक कमरुद्दीन अली अंसारी, गुलाब गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, संजीव सिंह, दिनेश यादव, यादवेंद्र पटेल, निधि गुप्ता, नीतीश गुप्ता, महेश साहनी, बिदुर जायसवाल, विवेकानंद यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस आयोजन ने विद्यालय और स्थानीय समुदाय में देशभक्ति का जोश जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजित



खड्डा, कुशीनगर। (स्पष्ट आवाज) ।छितौनी इंटर कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कक्षा 8 से 12 तक की कुल 14 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर संजीव सिंह, नीतीश गुप्ता, महेश साहनी, उपेंद्र गुप्ता, दिनेश चंद्र यादव, निधि गुप्ता, रिपिका, रीना देवी, रोशनी शर्मा, पूजा यादव, शीतल कुशवाहा की विशेष सहभागिता रही।

## छात्रा ने संभाला प्रधानाचार्य का कार्यभार



खड्डा, कुशीनगर। (स्पष्ट आवाज)। मंगलवार को नवरात्रि अष्टमी के अवसर पर छितौनी इंटर कॉलेज में अष्टम की छात्रा कुमारी प्रिया कुशवाहा ने एक दिन के लिए प्रधानाचार्य का कार्यभार संभाला।

प्रबंध समिति के सदस्य प्रदीप उपाध्याय ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद कार्यवाहक प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह से उन्होंने पद का प्रभार ग्रहण किया। विद्यालय की महिला अध्यापिकाओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रिया कुशवाहा ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बरामदे में खड़े छात्र-छात्राओं को कक्षाओं में जाने का निर्देश दिया। कक्षा-6 में गंदगी सफाईकर्मी को फटकार लगाई तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को निर्देशित किया। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय तहसील स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन



खड्डा, कुशीनगर। (स्पष्ट आवाज)। स्थानीय छितौनी इण्टर कॉलेज में चल रही माध्यमिक शिक्षा विभाग की 11वीं तहसील स्तरीय तहसील स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में ज्ञानोदय इण्टर कालेज बेलवनिया 52 प्रतिस्पर्धा में 19 स्वर्ण, 11 रजत तथा 9 कांस्य पदक प्राप्त कर ओवरआल चैम्पियन बना, 11 स्वर्ण, 18 रजत तथा 12 कांस्य पदक प्राप्त कर छितौनी इण्टर कालेज छितौनी द्वितीय स्थान तथा 7 स्वर्ण, 7 रजत तथा 6 कांस्य पदक प्राप्त कर श्री गांधी इण्टर कालेज, खड्डा तृतीय स्थान पर रहे।

गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग की 11वीं तहसील स्तरीय तहसील स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता प्रारम्भ शुक्रवार को हुआ था, प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस ऊंची कूद, भाला फेंक तथा लम्बी दूरी की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के अंतर्गत 1500 मीटर सीनियर बालक वर्ग में आलोक श्री गांधी इण्टर कालेज प्रथम, आयुष श्री गांधी इण्टर कालेज, द्वितीय तथा अमरजीत छितौनी इण्टर कालेज, छितौनी तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर जूनियर बालक वर्ग में मुकेश गिरी छितौनी इण्टर कालेज, छितौनी प्रथम, अभिषेक छितौनी इण्टर कालेज, छितौनी, द्वितीय तथा विवेक किसानी देवी स्मारक इ. कालेज तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में अर्चना यादव डॉ. राम मनोहर लोहिया इ. कालेज प्रथम, सिवा चैहान ज्ञानोदय इ. कालेज, द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि 1500 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में खुशी यादव प्रथम तथा कनी रूप द्वितीय स्थान पर रहीं। सभी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य प्रदीप उपाध्याय ने पुरस्कृत किया। अतिथियों ने भी अपने सम्बोधन में बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने आभार ज्ञापन किया तथा अवगत कराया कि सभी प्रतिस्पर्धा के प्रथम दो प्रतिभागी आगामी 23 अक्टूबर से कुशीनगर में आयोजित होने वाली जनपदीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। क्रीड़ा शिक्षक पुनीत सिंह, सुनील यादव, अजय श्याम पाठक, अजय प्रताप निर्णायक की भूमिका में रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पं. वैद्य, सुशील कुमार, अखिलेश्वर सिंह, मुकेश पाठक, प्रभारी क्रीड़ा अध्यापक आदर्श कुमार शिक्षक शिवेंद्र प्रकाश, विजय कुमार गुप्त, महेश साहनी, विवेकानंद यादव, संजीव सिंह, दिनेश नीतीश गुप्त, बिदुर, पूजा निधि गुप्त, रिपिका, रीना देवी, रोशनी शर्मा, गुलाब प्रमोद सिंह, जितेंद्र रोहित चैधरी, सहित तमाम विभिन्न विद्यालयों के तमाम छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

## छितौनी इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान व वृक्षारोपण



▸ उपजिलाधिकारी ने मेधावियों को किया सम्मानित, पर्यावरण संरक्षण का भी दिया संदेश

निर्वाण टाइम्स, छितौनी (साबिर अली) कुशीनगर। स्थानीय छितौनी इंटर कॉलेज में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी खड्डा मो. जफर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा 2025 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।सम्मानित विद्यार्थियों में कृष्णा कुशवाहा, शालिनी गोंड़, सौरभ मिश्रा, रूदल, बिगनेश कुमार, काजल कुशवाहा, प्रियंका कुशवाहा, अंकिता गोंड़, वंदना कुशवाहा, नीलेश एवं आस्था कुशवाहा प्रमुख रहे। पुरस्कार पाकर मेधावियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

उपजिलाधिकारी ने विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण भी किया और उस पौधे की देखभाल के लिए इंटर कृषि वर्ग की छात्रा वंदना कुशवाहा को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण व वृक्षों की सुरक्षा हेतु शपथ भी दिलाई।कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें सीनियर वर्ग में पिंकी साहनी एवं काजल कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा, "पुरस्कार सिर्फ उपलब्धियों का सम्मान नहीं, बल्कि आगे बढ़ने की प्रेरणा का स्रोत भी होते हैं। इससे छात्रों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास बढ़ता है।इस अवसर पर भाजपा नेता आनंद कुशवाहा ने विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण कमरुद्दीन अली अंसारी, विजय कुशवाहा, नीतीश गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, संजीव सिंह, दिनेश यादव, रीना देवी, महेश साहनी, रीपिका, निधि गुप्ता, यादवेंद्र पटेल, विवेकानंद यादव, लिपिक जितेंद्र यादव, गुलाब गुप्ता सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति' के तहत छात्राओं को मिली सुरक्षा की जानकारी



निर्वाण टाइम्स ब्यूरो

छितौनी/कुशीनगर । नगर पंचायत छितौनी के छितौनी इंटर कॉलेज में शनिवार को 'मिशन शक्ति फेज-5' के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हनुमानगंज थाने के एसएचओ संजय कुमार ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन और सम्मान के महत्व के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अपनी सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी बताया।

एसएचओ संजय कुमार ने अपने संबोधन में छात्राओं से कहा कि अन्याय के खिलाफ चुप रहना अपराधियों को और बढ़ावा देता है, इसलिए उन्हें विरोध करने और प्रतिकार करने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को खुद में सुधार करने और चरित्रवान बनने की भी सलाह दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं और छात्रों की सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर है, और इसी उद्देश्य से एंटी रोमियो दल और डायल 112 की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं, खासकर स्कूल के समय में।

उन्होंने छात्राओं को किसी के बहकावे मे आकर गलत आरोप न लगाने की भी सलाह दी और हमेशा सच्चाई के साथ खड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को यह आश्वासन भी दिया कि पुलिस हमेशा उनके साथ खड़ी है।

इस कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने एसएचओ संजय कुमार को अंगवस्त्र और बैच देकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आनंद कुशवाहा और अध्यापक शिवेंद्र प्रकाश ने भी छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य सुशील कुमार, सहायक अध्यापक आदर्श तिवारी, महिला कांस्टेबल प्रतिमा यादव, विजय कुशवाहा, संजीव सिंह,कमरुद्दीन अली अंसारी, दिनेश यादव, यादवेंद्र पटेल, उपेंद्र गुप्ता, जितेंद्र यादव,प्रमोद सिंह, निधि गुप्ता,रिपिका, शीतल कुशवाहा, पूजा यादव, रोशनी शर्मा, रीना देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## दैनिक सवेरा टाइम्स — Kushinagar

विजेता टीमो को मिलेगा स्वतंत्रता दिवस पर सम्मान :

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित





अबुलैश अंसारी जिला संवाददाता कुशीनगर

कुशीनगर स्थानीय छितौनी इंटर कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान" के प्रथम चरण के अंतर्गत शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर के निर्देश पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कक्षा 8 से 12 तक की कुल 14 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 12 (कृषि वर्ग) की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया, जिसका नेतृत्व आस्था कुशवाहा ने किया। वहीं कक्षा 10-बी की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जिसका नेतृत्व रोहित निषाद ने किया। कक्षा 11 (कला वर्ग) की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया, जिसका नेतृत्व पिंकी साहनी ने किया प्रधानाचार्य ने जानकारी दी कि विजेता एवं प्रतिभागी टीमों को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। रंगोली प्रतियोगिता का निष्पक्ष मूल्यांकन निरीक्षण मंडल के सदस्यों सुशील कुमार, आदर्श तिवारी एवं शिवेंद्र प्रकाश द्वारा किया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से संजीव सिंह, नीतीश गुप्ता, महेश साहनी, उपेंद्र गुप्ता, दिनेश चंद्र यादव, निधि गुप्ता, रिपिका, रीना देवी, रोशनी शर्मा, पूजा यादव, शीतल कुशवाहा, विवेकानंद यादव, बिदुर जायसवाल, लिपिक प्रमोद सिंह एवं जितेंद्र यादव शामिल रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर बढ़-चढ़ कर रंगोली प्रतियोगिता सहभागिता की।

## छात्राओं को आत्मरक्षा व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



छितौनी (एसएनबी)। छितौनी इंटर कालेज में छात्राओं को सशक्त बनाने और उन्हें हर स्थिति से निपटने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक हनुमानगंज संजय कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जानकारी दी। प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन आदर्श तिवारी ने किया। इस दौरान महिला कांस्टेबल सुनीता यादव और अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## बाल दिवस की पूर्व संध्या पर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

छितौनी (एसएनबी)। छितौनी इंटर कालेज में बाल दिवस की पूर्व संध्या पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक निषाद ने हरी झंडी दिखाकर किया। बालक वर्ग 3000 मीटर दौड़ में मुकेश गिरी ने प्रथम, अमरजीत ने द्वितीय तथा अभिषेक गिरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग 1500 मीटर दौड़ में आंचल गुप्ता ने प्रथम, आंचल सिंह ने द्वितीय तथा अंशु चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला एवं मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मेडल, शील्ड और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह, सुशील कुमार, सभासद अरविंद चौधरी, आदर्श तिवारी, विजय कुशवाहा, संजीव सिंह, महेश साहनी, रीना देवी, उपेन्द्र गुप्ता, प्रमोद सिंह, जितेन्द्र यादव सहित छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# शैक्षिक गतिविधियाँ : समाचार पत्रों की सुर्खियों में




## ज्ञानोदय इ.का. बेलवनिया बना ओवरऑल चौम्पियन

**छितौनी (एसएनबी)**। स्थानीय छितौनी इण्टर कलेज में चल रही माध्यमिक शिक्षा विभाग की 11वीं तहसील स्तरीय तहसील स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में ज्ञानोदय इण्टर कालेज बेलवनिया कुल 52 प्रतिस्पर्धा में 19 स्वर्ण, 11 रजत तथा 9 कांस पदक प्राप्त कर ओवरआल चौम्पियन बना, 11 स्वर्ण, 18 रजत तथा 12 कांस समेत 41 पदक प्राप्त कर छितौनी इण्टर कालेज द्वितीय तथा 7 स्वर्ण, 7 रजत तथा 6 कांस समेत 20 पदक प्राप्त कर श्री गांधी इण्टर कालेज खड्डा तृतीय स्थान पर रहे।



प्रतियोगिता के दूसरे दिन ऊची कूद, भाला फेंक तथा लम्बी दूरी की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के अंतर्गत 1500 मीटर सीनियर बालक वर्ग में आलोक प्रथम, अयुब द्वितीय, अमरजीत तृतीय, जूनियर बालक वर्ग में मुकेश गिरी प्रथम, अभिषेक द्वितीय, विवेक तृतीय, सीनियर बालिका वर्ग में अर्चना यादव प्रथम, रिया चौहान द्वितीय, जूनियर बालिका वर्ग में खुशी यादव प्रथम तथा रानी राय द्वितीय स्थान पर रहें। सभी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य प्रदीप उपाध्याय ने पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने आभार ज्ञापन किया तथा अवगत कराया कि सभी प्रतिस्पर्धा के प्रथम दो प्रतिभागी आगामी 23 अक्टूबर से कुशीनगर में आयोजित होने वाली जनपदीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। क्रीड़ा शिक्षक सुजीत सिंह, सुनील यादव, अजय जायसवाल, व्यास यादव, अभय प्रताप यादव निर्णायक की भूमिका में रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य फादर बैजू, सुशील कुमार, अखिलेश्वर सिंह, मुकेश पाठक, प्रभारी क्रीड़ा अध्यापक आदर्श कुमार तिवारी, शिवेंद्र प्रकाश, विजय कुशवाहा, गुलाब गुप्ता, महेश साहनी, विवेकानंद यादव, संजीव सिंह, दिनेश यादव, नीतीश गुप्ता, बिदुर जायसवाल, पूजा यादव, निधि गुप्ता, रिपिका, रीना देवी, रोशनी शर्मा, गुलाब गुप्ता, प्रमोद सिंह, जितेंद्र यादव, रोहित चौधरी सहित तमाम विद्यालयों के छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

## छितौनी इंटर कॉलेज से निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति नारों से गूंजा वातावरण



**निर्वाण टाइम्स, छितौनी (साबिर अली) कुशीनगर।** स्थानीय छितौनी इंटर कॉलेज में बुधवार को "हर घर तिरंगा अभियान" के तहत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा विद्यालय मुख्य द्वार से प्रारम्भ होकर छितौनी रेलवे स्टेशन होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई।तिरंगा यात्रा को विद्यालय की महिला शिक्षिकाएं रीना देवी, निधि गुप्ता, रीपिका, शीतल कुशवाहा, पूजा यादव एवं रोशनी शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे, ऊँचे स्वर में देशभक्ति के नारे लगाते हुए पूरे मार्ग में देशप्रेम का संदेश दिया।यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से उपनिरीक्षक अमर सिंह मयफोर्स मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह, वरिष्ठ अध्यापक सुशील कुमार, आदर्श तिवारी, शिवेंद्र प्रकाश, लिपिक प्रमोद सिंह, जितेंद्र यादव, शिक्षक कमरुद्दीन अली अंसारी, गुलाब गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, संजीव सिंह, दिनेश यादव, यादवेंद्र पटेल, निधि गुप्ता, नीतीश गुप्ता, महेश साहनी, बिदुर जायसवाल, विवेकानंद यादव समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



## मिशन शक्ति के तहत छात्रा ने संभाला प्रधानाचार्य का कार्यभार

वृत्तान्त संवाददाता



**खड्डा कुशीनगर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मंगलवार को नवरात्रि अष्टमी के अवसर पर छितौनी इंटर कॉलेज में अष्टम की छात्रा कुमारी प्रिया कुशवाहा ने एक दिन के लिए प्रधानाचार्य का कार्यभार संभाला। प्रबंध समिति के सदस्य प्रदीप उपाध्याय ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद कार्यवाहक प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह से उन्होंने पद का प्रभार ग्रहण किया। विद्यालय की महिला अध्यापिकाओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रिया कुशवाहा ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बरामदे में खड़े छात्र-छात्राओं को कक्षाओं में जाने का निर्देश दिया। कक्षा-6 मे गंदगी सफाईकर्मी को फटकार लगाई तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा उन्होंने परीक्षा कक्ष के निरीक्षण में फाइलों के बिखराव पर परीक्षा प्रभारी को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया। वहीं कुछ कक्षाओं में पंखे खराब पाए जाने और शौचालयों में साफ-सफाई व कूड़ादान की कमी पर प्रधान लिपिक को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। माध्यमिक शिक्षा विभाग के खेल कूद के तहसील प्रभारी के रूप में आगामी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु तहसील के सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखा।इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन विज्ञान व वाणिज्य इंटर भवन का निरीक्षण किया और जानकारी प्राप्त की। एमडीएम कक्ष का भी जायजा लिया तथा रसोइयों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसी दौरान विद्यालय में आए अभिभावक योगेंद्र गुप्ता के अनुरोध पर उनकी पुत्री चाँदनी गुप्ता (कक्षा-9) का शुल्क माफ करने का निर्देश भी दिया। अंत मे प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षक के साथ बैठक कर आवश्यक जानकारी को साझा किया।प्रधानाचार्य पद की जिम्मेदारी निभाने के बाद प्रिया कुशवाहा ने कहा कि 卐मिशन शक्ति अभियान से छात्राओं के अंदर भयमुक्त होकर आगे बढ़ने का आत्मविश्वास जगा है। इस अभियान की वजह से बेटियाँ निडर होकर नियमित रूप से विद्यालय आ-जा पा रही हैं।卐 इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योग दिवस पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता

लोक भारती न्यूज ब्यूरो

खड्डा कुशीनगर। नगर पंचायत छितौनी स्थित छितौनी इण्टर कॉलेज,छितौनी कुशीनगर में 11वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया पेंटिग प्रतियोगिता में इण्टर वर्ग में पिंकी साहनी प्रथम, कंचन कुशवाहा द्वितीय, रागनी निषाद तृतीय जबकि हाईस्कूल वर्ग में गुंजा गुप्ता प्रथम, प्रिंस शर्मा द्वितीय, मनीषा व काजल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ इससे पूर्व प्रातः छात्र, छात्राओं ने चेयरमैन अशोक निषाद, भाजपा नेता, आनंद कुशवाहा, राजेन्द्र अग्रवाल, सभासद रुस्तम अली, अरविंद चौधरी,दिलीप कुशवाहा, खुसबुद्दीन अंसारी, छोटेलाल शर्मा, सुनील गुप्ता एवं विद्यालय के शिक्षकों के साथ योगाभ्यास किया इस अवसर पर छात्रों से आह्वान किया गया कि वे सभी योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करें इस अवसर पर शिक्षक सुशील कुमार,विजय कुशवाहा, संजीव सिंह,विवेकानंद यादव, रिपिका, निधि गुप्ता,महेश साहनी, उपेंद्र गुप्ता, कमरुद्दीन अंसारी, दिनेश यादव,नीतीश गुप्ता, यादवेंद्र पटेल सहित तमाम शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे अंत मे प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अभिभावकों को किया गया सम्मानित, 36 मेधावियों का शुल्क माफ

संवाद सूत्र, छितौनीः कस्बा स्थित छितौनी इंटर कालेज में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की बैठक में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास को और सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की गई। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अभिभावकों को सम्मानित किया गया। 36 मेधावी छात्र-छात्राओं का छह माह का शिक्षण शुल्क माफ करने का निर्णय लिया गया। कक्षा नौ से 12 तक अर्द्धवार्षिक परीक्षा में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को शुल्क मुक्ति प्रमाणपत्र दिया गया।

प्रबंधन समिति के सदस्य प्रहलाद मौर्य ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है, जब शिक्षक और अभिभावक टीम की तरह दायित्वों का निर्वहन करें। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और सहशैक्षिक गतिविधियों के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिंह ने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति, होमवर्क पर नजर रखें।

# धर्म

धर्म एक सामाजिक – संस्कृतिक ढांचा है जिसमें मान्यताएँ, प्रथाएँ, नैतिकतायें और विश्वास शामिल होते हैं, जो प्रायः अध्यात्मिक एवं अलौकिक जड़ों से जुड़ा होता है। धर्म जीवन जीने के एक उत्कृष्ट और सही मार्ग को दर्शाता है। जो धर्म की रक्षा करते हुए धर्म की विजय पताका फहराता है धर्म भी उनकी रक्षा करता है। धर्मयुक्त जीवन व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और संस्कृति को उन्नति की ओर ले जाता है जबकि दूसरी तरफ धर्महीनता पतन का कारण बनती है। गीता, राग–द्वेष पर विजय पाकर स्वधर्म पालन करने की प्रेरणा देती है। जो धर्मनिष्ठ है, वहीं वास्तव में जीवित है । धर्म का हनन करने वाला अपने विवेक को मृत कर देता है। धर्म हमें न केवल आत्म कल्याण की प्रेरणा देता है, बल्कि विश्व मानवता के प्रति भी कर्तव्य का भान कराता है। धर्म का प्रथम अंग नैतिकता है। यही वह अनुशासन है जो व्यक्ति में चेतना, संवेदना एवं संयम को जागृत करता है। नियमबद्ध एवं संयमित जीवन से समृद्ध व्यक्तित्व का विकास होता है। धर्म के प्रति असावधानी, सामाजिक अशान्ति, विग्रह, रोग और दुर्बलताओं का कारण बनती है। धर्म का दूसरा अनिवार्य अंग आस्तिकता है। आस्तिकता केवल ईश्वर पर विश्वास नहीं, बल्कि स्वयं पर विश्वास है। यही विश्वास व्यक्ति को दुर्बलताओं से ऊपर उठाता है और आत्मबल पैदा करता है। धर्म का तीसरा आनिवार्य अंग अध्यात्म है। अध्यात्म व्यक्ति को आन्तरिक यात्रा की ओर ले जाता है, जहाँ वह अपने वास्तविक स्वरूप और कर्तव्य को पहचानता है। जब व्यक्ति इन तीनों तत्वों को आत्मसात कर लेता है तभी वह सच्चे अर्थों में धार्मिक बनता है और जीवन में शांति, समृद्ध तथा आनन्द का अनुभव करता है। धर्म के विषय में गोस्वामी तुलसीदास जी की यह चौपाई बेहद समीचीन है – ''परहित सरिस धर्म नहि भाई'' अर्थात दूसरों की भलाई जैसा कार्य, दूसरा कोई नहीं है। यही सर्वोत्तम धर्म का कार्य है। '' परपीड़ा नहि सम अधमाई'' अर्थात दूसरों को पीड़ा देने के समान कोई दूसरा अधर्म (निकृष्ट) कार्य नहीं है। धर्म के विषय में यह भी कहा गया है – ''धर्मो रक्षति रक्षितः'' अर्थात जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है, अर्थात जो व्यक्ति धर्म (कर्तव्य, नैतिकता) का पालन करता है, धर्म भी उसे सुरक्षित रखता है।

□□□

प्रमोद सिंह (वरिष्ठ सहायक लिपिक)

---

## दिनांक 25-04-2025 को समाचार पत्र में प्रकाशित लेख

# परीक्षा परिणामः सफलता एवं असफलता को संभालने की चुनौती



**खड्डा, कुशीनगर। (स्पष्ट आवाज)।**आज यूपी बोर्ड से अध्ययनरत विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम आ रहा है। परीक्षा परिणाम जो भी आए, उसे सहर्ष स्वीकार करें, आज का दिन विद्यार्थियों के लिए परीक्षा परिणाम से प्राप्त होने वाली सफलता एवं असफलता पर खुद को सम्भालने की चुनौती होगी। स्कूली शिक्षा के परीक्षा परिणाम मात्र भविष्य के दिशाओं को तय करने के मूल्यांकन के रूप में ही देखा जाए तो विद्यार्थियों के लिए बेहतर रहेगा।

ऐसे में जो विद्यार्थी आशानुरूप अंक प्राप्त किए है, वे अपने परीक्षा परिणाम का स्वयं, अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ मूल्यांकन करें एवं भविष्य के रास्ते निर्धारित करें। जो विद्यार्थी आशानुरूप अंक प्राप्त नहीं किए है, वे इसके कारणों पर विचार करें, मुझे जो कारण प्रतीत होता है वह यह कि अनवरत कक्षाएं न करना एवं प्री-बोर्ड परीक्षा को महत्व न देना। परीक्षा परिणाम अन्तिम नहीं होते है, इसे बेहतर सकारात्मक एवं ईमानदार प्रयास से सुधारा जा सकता है। परीक्षा परिणाम में आशानुरूप अंक प्राप्त नहीं करने वाले विद्यार्थी परिणाम के प्रभाव में खुद को बदले और भविष्य में अपने प्रयासों को थोड़ा और बेहतर करने की कोशिश करें, अपने जीवन को थोड़ा सरल बनाने का प्रयास करें। अब प्रश्न यह उठेगा कि जीवन सरल कैसा होगा? तो ईमानदारी ही सरलता की पहली सीढ़ी है। सभी के जीवन के कुछ मूल्य एवं आदर्श होने चाहिए, जो हमारे जीवन को सकारात्मक दिशा देते है और अन्त का साथ निभाते है। यह भी याद रखें कि परीक्षा में अच्छे प्राप्तांक लाना आपके स्वर्णिम जीवन या सफलता की गारन्टी नहीं है। विद्यार्थी की इस उम्र में अपने कैरियर, भविष्य के रास्ते के प्रति भटकाव भी देखा जाता है। अच्छे बच्चें बहुत दूर तक की सोचते है और थोड़ कम प्राप्तांक वाले बच्चें भी पढ़ाई छोड़ने से लेकर अन्य विकल्प भी जेहन में रखने लगते है, ऐसे में सबसे पहले अभिभावक अपने बच्चों के पास बैठकर परीक्षा परिणाम को स्वीकारें एवं भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में सभी पहलुओं (बच्चों की पसंद के विषय, विषय की भविष्य की सम्भावनाएं, अभिभावक की आमदनी, इत्यादि) पर चर्चा करें, बच्चों से उनके भविष्य के बारे में चर्चा करने का सबसे अच्छा समय है। अभिभावक गण भी इस बात का विशेष ध्यान दे कि अपने बच्चों की तुलना किसी अन्य बच्चों से न करें, क्योकि सभी बच्चों की मानसिक स्थिति एवं पारिवारिक परिस्थितियां अलग-अलग होती है। उक्त बातें आकाश कुमार सिंह स.अ./परीक्षा नियन्त्रक, छितौनी इण्टर कालेज छितौनी, कुशीनगर ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से कहा।

## वायु मण्डल

नदियाँ, पर्वत, नभ की क्यारी ।
पेड़ो की हर साँस में जीवन,
फूलों में छुपा है सारा सृजन ।

पंक्षी गाते मधुर तराने,
झरने बहते बिन कोई बहाने ।
साँझ – सवेरा सब कुछ सुंदर,
प्रकृति का रूप है सबसे सुंदर ।

लेकिन अब ये मौन क्यों है?.
हरियाली भी कुछ कमजोर क्यों है?
काट रहे हैं हम ही वन सारे,
भर दिए हैं धुएँ के बादल प्यारे ।

प्लास्टिक प्रदूषण, जल की बर्बादी,
कहाँ खो गई नीली सी वादी ?
अब भी वक्त है जागो रे मानव,
संभालो इस धरती को,
न बन जाओ जानवर।

पेड़ लगाओं, नदियाँ बचाओ,
धरा को फिर हरा बनाओ ।
प्रकृति तुम्हें, फिर दुलारेगी,
हर साँस को शुद्ध बनाएगी ।

□□□

कु0 वर्षा चौधरी ( 10 स )

## गुरू एवं शिष्य

जो खुद मैंनें एहसास किया है
बस वही कहने का प्रयास किया है,
मुश्किल से मुश्किल सवालों का भी आपने हल दिया है
और जो कभी न भुला सकूं वो पल दिया है आपने
आपने ही तो हमें शिक्षा का सही मतलब समझाया है.
आपने ही तो इस दुनिया को अलग नजरिए से दिखलाया है,
एक गुरु की तरह नहीं बल्कि एक परिवार की तरह साथ दिया है,
और जब कभी भी लगा है. मैं गिरी आपने ही हाथ दिया है।
कभी सख्त हो जाते हैं तो कभी डाँटते धमकाते हैं,
तो कभी एक दोस्त की तरह हमें प्यार से समझाते हैं,
एक गुरु अपने शिष्य की हर बात जान जाता है,
वह गुण हो या अवगुण हो उसे पहचान जाता है,
आपने ही तो मुझे खुद से मिलाया है और
हार कर भी मुझे जीतना सिखाया है,
आपका ये कर्ज कभी अदा नहीं कर सकते
बस आपकी दुआयें और सर पर हाथ चाहती हूं
ज्यादा कुछ नहीं बस आपका आशीवर्वाद चाहती हूँ।

□□□

कुमारी कंचन कुशवाहा 11 कला

## विचार

गरीब वह नहीं जिसके पास कम है, गरीब वह है जो अधिक चाहता है।
हमारे शिक्षक और हम विद्यार्थी एक दूसरे के पूरक एवं पहचान है।
भाषा बुद्धि का उपकरण है, जिसका सावधानी से प्रयोग होना चाहिए।
अगर सूरज की तरह चमकना है तो सूरज की तरह जलना सीखों।

□□□

साहिल शर्मा 10 स

## सफलता

सफलता एक ऐसी चीज है जो हमारे जीवन को सार्थक बनाती है, जो हमारे जीवन की कई परिस्थितियों से निखारती हैं। जीवन में यह सीढ़ी का वह उच्चतम बिन्दु है जहां हम सभी पहुंचना चाहते हैं हम सभी ने सांप सीढ़ी का खेल अवश्य ही खेला होगा इस खेल में कई बार हमे सांप काट लेते हैं, नहीं तो हम आसानी से अपने लक्ष्य तक पहुंच जाते। ठीक इसी प्रकार हमारी सफलता की कहानी है। सफलता की उच्चतम सींढ़ी तक पहुंचने के लिए हर कदम चुनौतियों से भरी होती हैं। हमें अपने हर कदम को अग्रसर रखना चाहिए। हमे जीवन में सफल होने के लिए इन सभी चुनौतियों का सामना करने और इन चुनौतियों से पार पाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।

□□□

कुमारी पिंकी साहनी 11 कला

# निरोग रहने के दोहे

रक्तचाप बढ़ने लगे, तब मत सोचे भाग्य!
सौगंध राम के दवाई के, तुरन्त छोड़ दो चाय ।।
घूंट-घूंट पानी पियो, रह तनाव से दूर ।
एसिडिटी या मोटापा, होवे चकनाचूर ।।
लौकी का रस पीजिये, चोकर युक्त पिसान ।
तुलसी, गुड़, सेंधा नमक, हृदय रोग निदान ।
रोज मूलहठी चूसियो, कफ बाहर आ जाए।
बने सुरीला कंठ भी, सबको लागत सुहाए।
भोजन करके खाईये, सौंफ, गुड़, अजवान।
पत्थर भी पच जाएगा, जानै सकल जहान।।
तुलसी का पत्ता करे, यदि हरदम उपयोग ।
मिट जाते हैं हर उम्र में शरीर के सारे रोग।।
जो नहावें गर्म जल से, तन मन हो कमजोर।
आँख ज्योति कमजोर हो, शक्ति घटे चहुँओर।।
ऊर्जा मिलती है.बहुत, पिये गुनगुना नीर।
कब्ज खत्म हो पेट की, मिट जाए हर पीर ।।
प्रातः काल पानी पिएं, घूट-घूट कर आप।
ठंडा पानी पियो मत, करता क्रूर प्रहार ।।
प्रातः काल पानी पिये, घूंट - घूंट कर आप।
बस दो-तीन गिलास है, हर औषधि का बाप ।।
चैत्र माह में नीम का पत्ता हर दिन खावें ।
ज्वर, डेंगू या मलेरिया बारह मील भगावें ।।
सौ वर्षो तक वह जिए, लेते नांक से सांस ।
अल्पकाल वह जिए, जो ले मुंह से सांस ।।
भोजन करके रात में, घूमें कदम हजार ।
डॉक्टर, ओझा, वैद्य का लुट जाए व्यापार ।।
भोजन करें धरती पर, आलथी-पालथी मार।
चबा चबा कर खाइये, वैद्य न झांके द्वार।।
भोजन करके जोहिये, केवल घण्टा - डेढ़ ।
पानी इसके बाद पिये, है ये औषधि का पेड ।।
देर रात तक जागना, रोगों का जंजाल ।
अपच, आंख के रोग संग, तन भी रहे निढ़ाल।।
फल या मीठा खाइके, तुरंत न पीजे नीर।
ये सब छोटी आंत में, बनते विषधर तीर ।।
एल्यूमिनियम के पात्र का, करता है जो उपयोग।
आमंत्रित करता है सदा, वह अड़तालीस रोग ।।
अलसी, तिल, नारियल, घी, सरसों का तेल ।
इसका सेवन आप करें, नहीं होगा हार्ट फैल।।

□□□

प्रदीप गुप्ता कक्षा–10 स

# ऊर्जा बचाओ

1–ऊर्जा के स्त्रोत एक दिन खत्म हो जाऐंगे
फिर हम खुद को अंधकार में पायेंगें।

2–ऊर्जा के नए साधन अपनाओ
पुराने और सीमित साधनों को बचाओ

3–बिजली की खपत को कम करो
सौर ऊर्जा का प्रयोग शुरू करो

4–आज ऊर्जा नहीं बचाओगे
तो आने वाले समय में ऊर्जा कहाँ से लाओगे

5–ऊर्जा के सीमित साधन है कोयला और पैट्रोल
इसलिए इसके प्रयोग पर रखो थोडा सा कंट्रोल

6–हम सबको ऊर्जा को बचाना है
आने वाली पीढी को भी तो इनका लाभ उठाना है

7–दोबारा प्रयोग होने वाले ऊर्जा के साधन अपनाओ
सरंक्षित रखो कोयला और पैट्रोल, वातावरण को स्वच्छ बनाओ

8–निजी वाहनों की मत करो भरमार
वरना ऊर्जा से वंचित रह जाऐगा संसार।

□□□

नन्दनी वर्मा 12 कला



# रासायनिक खादः- खराब हो रही फसल गुणवत्ता और बढ़ रही उत्पादन लागत

विगत दो दशकों से खेती में रासायनिक खादों पर निर्भरता बढ़ती गई है। रासायनिक खादों के लगातार इस्तेमाल से एक ओर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता खराब होने लगी है, तो दूसरी तरफ कृषि लागत लगातार बढ़ती जा रही है। यूरिया, डीएपी (डाई–अमोनियम फॉस्फेट) और एमओपी (म्यूरेट ऑफ पोटाश) के लिए हम दूसरे देशों पर निर्भर हैं। एमओपी के लिए हम कनाडा, रूस, जॉर्डन, इजराइल, तुर्कमेनिस्तान और बेलारूस जैसे देशों पर निर्भर हैं। बेशक हमारे यहां यूरिया की आवश्यकता का अस्सी प्रतिशत उत्पादन होता है, मगर यूरिया बनाने के लिए तरल गैस का आयात कतर, अमेरिका, यूएई और अंगोला से किया जाता है। इन देशों की निर्यात नीतियां हमें प्रभावित करती हैं और यूरिया उत्पादन की लागत बढ़ती जाती है।

बीस प्रतिशत यूरिया की कमी पूरी करने के लिए भी हम आयात पर निर्भर हैं, डीएपी की अत्यधिक कीमत और कमी से विगत कई वर्षों से किसान परेशान हैं। यूक्रेन युद्ध के कारण भी इस समस्या में वृद्धि हुई है। कृषि वैज्ञानिकों ने आयातित रासायनिक खादों के विकल्प के तौर पर अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट (एपीएस) जैसे उर्वरकों को बढ़ावा देने की रणनीति तैयार की है, जिसकी कीमत बेशक डीएपी से कम है, मगर इतनी भी कम नहीं है कि उस नीति से बहुत ज्यादा लाभ मिल सके। एपीएस खाद में 20 प्रतिशत नाइट्रोजन, 20 प्रतिशत फॉस्फोरस, शून्य प्रतिशत पोटाश और 13 प्रतिशत सल्फर होता है। एपीएस खाद, रॉक फॉस्फेट और सल्फ्यूरिक एसिड से तैयार की जाती है, जिससे फॉस्फोरिक एसिड की बचत होती है। यह खाद तिलहन, दलहन, मक्का, कपास, प्याज, मिर्च जैसी फसलों के लिए उपयुक्त है, मगर गेहूं, धान और गन्ने के लिए अब भी डीएपी का विकल्प, एपीएस नहीं है। वैज्ञानिक कुछ फसलों के लिए ही एपीएस को डीएपी के विकल्प के रूप में तैयार कर रहे हैं।

ऐसे समय में, गोबर खाद और जैविक खादों को गांव–गांव में व्यापक स्तर पर तैयार करने के लिए एक नीति और अभियान की जरूरत महसूस की जा रही है। हमारी अवैज्ञानिक कृषि नीतियों के कारण गांवों से पशुओं की संख्या घटती गई है। क्रय–विक्रय की अड़चनों ने भी पशुपालन को हतोत्साहित किया है। पशुओं के कम होने से गोबर का उत्पादन कम हुआ है। खेती–किसानी से युवा वर्ग के पलायन के कारण भी गोबर खाद के उत्पादन के प्रति लोग लापरवाह हुए हैं। उसकी कमी को पूरा करने के लिए ही किसान रासायनिक खादों पर निर्भर होते गए हैं, लेकिन लगातार रासायनिक खादों के इस्तेमाल से मिट्टी के बंजर हो जाने का खतरा पैदा हो गया है। गोबर खाद और जैविक खाद तैयार होने में समय जरूर लेती है, मगर वह पूरी तरह से खेती और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के लिए बेहतर है।

इसलिए गोबर और जैविक खादों को तैयार करने के लिए ग्राम सभा स्तर पर सरकारी कृषि यंत्रों को उपलब्ध कराने की जरूरत है, जिससे हर खेत में फसलों के डंठलों को छोटे–छोटे टुकड़ों में काटकर गड्ढों में थोड़ी–सी गोबर घोल और जानवरों के मूत्र छिड़ककर मिट्टी में दबा दिया जाए। इन गड्ढों में गोबर के साथ पशुओं के बिछावन, भूसा और घास–फूस को भी डाला जा सकता है। हर फसल के समय अगर हम ऐसा करने लगेंगे, तो एक साल बाद, गड्ढों से सड़ी हुई गोबर और जैविक खाद मिलने लगेगी, जो उसी खेत को न केवल उर्वरक बनाएगी, बल्कि रासायनिक खादों पर हमारी निर्भरता कम करती जाएगी। इस प्रक्रिया से खेतों में फसलों के डंठलों को जलाने की जरूरत न पड़ेगी। हम बिना अतिरिक्त लागत के देशी खाद तैयार करेंगे और पर्यावरण को भी दूषित होने से बचाएंगे। साथ ही साथ एमओपी और यूरिया जैसे उच्च पोषक तत्व वाले उर्वरकों की खपत को सीमित करने में मदद मिलेगी।

यह कोई नई विधि नहीं है, पहले किसान मात्र गोबर खाद से ही खेती करते थे। हरित क्रांति के बाद, रासायनिक खादों का इस्तेमाल बढ़ा और कृषि मशीनों के इस्तेमाल के बाद हमने जानवरों को पालना कम कर दिया। हमें खेती–किसानी के लिए आधुनिक औजारों के साथ–साथ खाद बनाने के परंपरागत तरीकों को अपनाने की जरूरत है। पेड़ों के पत्ते, फसलों और सब्जियों के अवशेषों से जैविक खाद बनाने के लिए आगे आना चाहिए। इसके साथ ही साथ गाय और भैंस पालन, उनके आवागमन और बिक्री में अड़चनें खत्म कर, गोबर का उत्पादन बढ़ाने और उसे खाद के रूप में इस्तेमाल करने को प्रोत्साहित करने के लिए आगे आना चाहिए। उर्वरकों की आयात निर्भरता कम करने और किसानों को संतुलित उर्वरकों के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित करना चाहिए।

□□□

विजय कुमार कुशवाहा (कृषि अध्यापक)

# विज्ञान से सम्बंधित कहानियां

## ''अलेक्जेंडर फ्लेमिंग'' और ''भाग्यशाली फफूंद'' (पेनिसिलिन की खोज):–

1928 में स्कॉटिश वैज्ञानिक अलेक्जेंडर फ्लेमिंग अपनी प्रयोगशाला में बैक्टीरिया (Staphylococci) पर काम कर रहे थे, वे छुट्टियों पर जाने से पहले अपनी 'पेट्री डिश' साफ करना भूल गए। जब वे वापस आए, तो उन्होंने देखा कि एक डिश में नीले–हरे रंग की फफूंद (Mold) उग आई थी। हैरानी की बात यह थी कि उस फफूंद के आसपास के सभी बैक्टीरिया मर चुके थे। फ्लेमिंग ने महसूस किया कि यह फफूंद कोई ऐसा पदार्थ छोड़ रही है जो बैक्टीरिया का दुश्मन है। इसी 'गलती' से दुनिया की पहली एंटीबायोटिक पेनिसिलिन का जन्म हुआ, जिसने दूसरे विश्व युद्ध और उसके बाद करोड़ों लोगों की जान बचाई।

## ''एडवर्ड जेनर'' और ''दूध दुहने वाली महिला'' (चेचक के टीके की खोज):–

18वीं सदी में 'चेचक' (Smallpox) एक भयानक महामारी थी। डॉक्टर एडवर्ड जेनर ने गौर किया कि जो महिलाएं गाय का दूध दुहती थीं, उन्हें कभी चेचक नहीं होता था, बल्कि उन्हें 'काउपॉक्स' (एक हल्की बीमारी) होती थी। 1796 में जेनर ने एक साहसी प्रयोग किया। उन्होंने एक दूध दुहने वाली महिला के घाव से मवाद लिया और उसे एक 8 साल के लड़के, जेम्स फिप्स, के शरीर में डाल दिया। लड़के को हल्का बुखार हुआ लेकिन वह ठीक हो गया। बाद में जब जेनर ने उसे चेचक के वायरस से संक्रमित करने की कोशिश की, तो उसे चेचक नहीं हुआ। यह दुनिया का पहला टीकाकरण (Vacination) था। 'वैक्सीन' शब्द लैटिन शब्द 'Vacca' से आया है, जिसका अर्थ है 'गाय'।

□□□

शिवेन्द्र प्रकाश (सहायक अध्यापक)

---

# माँ–बाप के सपने

बहने जब स्वतन्त्रता से विद्यालय के लिए निकलती है, तब अपने बैग में क्या लेकर निकलती है? आप कहेंगे किताब, कलम, कापी पेन, बाक्स अपने बैग में। मैं कहती हूँ कि – जी नहीं, वो अपने माँ– बाप के सपने रखकर ले जाती है। उस माँ के सपने जो सुबह उठकर उसके लिए भोजन व टिफिन बना रही है। परेशान होकर रात भर जाग रही है उसके लिए हल्दी वाला दूध बना रही है ताकि मेरी बेटी कल परीक्षा पास करके आये, इसकी बुद्धि ठीक रहे। उस बाप के सपने जो एक जोडी कपड़े में तीन साल निकाल देता है, लेकिन बेटियों को हर साल नए ड्रेस दिलाता है। इसी माँ–बाप के सपने है आपके बैग में। आपको कन्धों पर उसका बोझ होना चाहिए , माँ–बाप का नाम रोशन करना है। मैं स्कूल जाऊँ तो सिर्फ ईमानदारी से पढ़ाई करूं।

□□□

नीलम शर्मा 11 कला

# महात्मा गाँधी और स्वच्छ भारत



''सत्य अहिंसा का था वो पुजारी,
कभी ना जिसने हिम्मत हारी।
सांस दी, हमें आजादी दी,
जन–जन जिसका है आभारी''

मोहनदास करमचन्द्र गाँधी (महात्मा गाँधी) जिसे पूरा देश राष्ट्रपिता और बापू के नाम से पुकारता है। महात्मा गाँधी जी अहिंसा के पुजारी थे। अहिंसा एक उनका मुख्य अस्त्र था। गाँधी जी के (3) तीन हथियार थे– सत्य, प्रेम और अहिंसा। गाँधी जी के जीवन से देश और विदेश के लोगों को शिक्षा मिलती है। भारत को आजादी की जंजीरों से बाहर निकालने में गाँधी जी का योगदान सारा विश्व जानता है। गाँधी जी ने अंग्रेजों के खिलाफ हिंसा न करते हुए अहिंसा का मार्ग अपनाया था। इन्होंने पूरे देश को एकजुट करके भारत की आजादी में हिस्सा लेने की एक प्रेरणा दी थी।

वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भी गाँधी जी के मार्ग पर चलते हुए देश को स्वच्छ बनाने का अच्छा कार्य कर रहे हैं। विगत कई वर्षो से पूरा देश गाँधी जी के जन्म दिवस पर ''स्वच्छता ही सेवा है'' अथवा ''स्वच्छ भारत अभियान'' कार्यक्रम को मना रहा है। जिसमें देश के सभी लोगों का योगदान महत्वपूर्ण है। हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम अपने आस पड़ोस की गन्दगी और अपने समाज की गन्दगी को साफ करें और एक स्वच्छ भारत बनायें, इसलिये स्वच्छता अभियान की शुरूआत भी 02 अक्टूबर गाँधी जी के जन्म दिवस के दिन की गयी है। इसलिए हम सब मिलकर गाँधी जयन्ती के साथ साथ स्वच्छता ही सेवा है यह कार्यक्रम को भी बड़े धूम–धाम से मनाते है। गाँधी जयंती हमारे देश का एक राष्ट्रीय त्योहार है और इसके साथ–साथ स्वच्छ भारत के अभियान को भी बड़े आदर और स्वच्छ मन से अपनायें। अगर साफ–सफाई होगी तो हम स्वस्थ रहेंगे और देश की गंदगी साफ होगी इससे हमारा देश स्वच्छ होगा और विकासित देश बनने में हमें ज्यादा समय नहीं लगेगा और हम भी अमेरिका, रूस, चीन और जापान आदि देशों के क्रम में आ सकेंगे।

''करेंगे हम ऐसा काम, बनी रहेगी देश की शान''

□□□

राागिनी चौहान 9 अ

---

# क्या लिखूँ ?

विद्यालय की पत्रिका छप रही थी
मिला मुझे यह कक्षाध्यापक से समाचार
सोची मैं भी लिख डालूँ लेख दो–चार
कविता लिखूँ कहानी लिखूँ या फिर कोई लेख
इसी सोच में बैठी मैं सिर तकिए पर टेक
पूछा भैया से विषय बताओ या कोई प्रसंग
जिसे पढ़े मजे से सब लोग हो न हो कोई तंग
इन्हीं विचारों से खोकर जब दिमाग होने लगा खाली
तब मैंने टूटे फूटे शब्दों में यही कविता लिख डाली।

□□□

रागिनी चौहान कक्षा 12 कला

# कर्म

तेरा मेरा करते करते
एक दिन चले जाना है
जो भी कमाया है,
यही रह जाना है
कर ले कुछ अच्छे कर्म,
साथ यही तेरे जाना है।

□□□

कविता कुशवाहा
11 कला

# अजब–गजब तथ्य

1. मच्छर के मुंह में 22 दांत होते हैं।
2. मकड़ी बिना कुछ खाये 10 वर्ष तक जीवित रह सकती है।
3. बिच्छू अपने जीवन में केवल एक बार बच्चे पैदा करता है, उसके बाद तुरन्त मर जाता है।
4. अमेरिकन कंगारू जिन्दगी भर बिना पानी के जी सकता है।
5. सारस अपने साथी के वियोग में प्राण त्याग देता है।
6. घड़ियाल के शरीर से गुलाबी पसीना निकलता है।
7. हमिंग बर्ड सबसे छोटा पक्षी (डेढ़ ग्राम) होता है।
8. दुनिया का समबसे बड़ा पक्षी शुतुरर्मुग है।
9. ब्लू व्हेल दुनिया का सबसे बड़ा प्राणी है।
10. हाथी 20 किलोमीटर दूर अपने साथी से सम्पर्क कर सकता है।
11. तिलचट्टा का खून सफेद रंग का होता है।
12. तोता आदमी से आदमी की भाषा में बात कर सकता है।
13. चमगादड़ रात में दिन की तरह उड़ सकता है।
14. बिल्ली को रात में हरा व नीला दिखाई देता है।
15. कछुआ सबसे अधिक जीने वाला प्राणी होता है।



□□□

प्रिती कुशवाहा 10 स

# जिन्दगी

कभी–कभी उदास की आग है जिन्दगी!
कभी–कभी खुशियों की बाग है जिन्दगी!
कभी हंसाने और रूलाने का राग है जिन्दगी!
हमारे किए गए कर्मो का हिसाब है जिन्दगी।

□□□

लक्की शर्मा कक्षा 11 कला

# विद्यालय में स्मृतियों का आखिरी पन्ना

इस वर्ष के साथ केवल एक कक्षा ही नहीं बदलेगी
बल्कि उम्र की एक अनमोल सीढ़ी भी पार होगी
विद्यालय की गलियों में बिताए गए वर्षो ने
हमे न सिर्फ पढ़ना–लिखना सिखाया,
बल्कि हमें इंसान बनना भी सिखाया है।
आगे बढ़ते कदमों में
यही स्मृतियां शक्ति बनकर साथ चलेंगी
नए रास्तों पर नई मंजिलें
हम सभी सहपाठियों का इंतजार कर रही है।

□□□

नन्दनी वर्मा कक्षा 12 कला

# भारत के वीर जवान

नाज हमें है उन वीरों पर
जो मान बढ़ाकर आए हैं
दुश्मन को घुसकर के मारा
शान बढ़ाकर आए हैं।
प्रधानमंत्री जी अब मान गए हम,
56 इंच का सीना है
कुचल मसल दो अब उन सबको,
जिन्होंने हमारी बहनों का सिन्दूर छीना है
और आस है बड़ी वतन की,
अरमान बढ़ा लिए है हम सब ।
नाज हमें है उन वीरों पर,
जो मान बढ़ाकर आए हैं।
एक मरा तो 100 मारेंगे,
अब रीत यही बन जाने दो

□□□

आयुष तिवारी कक्षा 10 स

# दिखावा

एक राजा के दरबार में एक बुद्धिमान मंत्री था। जिसके पास हर समस्या का हल था। राजा अपने इस मंत्री से बिना पूछे कोई भी बड़ा फैसला नहीं लेता था। इस मंत्री से राज दरबार के अन्य लोग जलन रखते थे। एक दिन राज दरबार में राजा ने अपने इस मंत्री से कहा, तुम इतने बुद्धिमान हो लेकिन तुम्हारा बेटा तो बेहद मूर्ख है! राजा की ये बात मंत्री को अच्छी नहीं लगी और मंत्री ने राजा से पूछा, महाराज! आप ऐसा क्यों बोल रहे है, आखिर आपको ऐसा क्यों लगता है कि मेरा बेटा मूर्ख है? राजा ने कहा, मैं रोज सुबह जब जनता से मिलने के लिए जाता हूं तो वहां पर तुम्हारा बेटा भी होता है और मैं रोज तुम्हारे बेटे से ये पूछता हूं कि सोना और चांदी में से कौन सी चीज सबसे ज्यादा कीमती है? तुम्हारा बेटा हर बार चांदी ही कहता है। राजा की ये बात सुनकर दरबार में मौजूद लोग मंत्री पर हंसने लगे और मंत्री को बुरा लगा। मंत्री बिना कुछ कहे अपने घर वापस आ गया और घर आते ही मंत्री ने अपने बेटे से पूछा–सोने और चांदी में क्या मूल्यवान है? बेटे ने फौरन जवाब देते हुए कहा– पिताजी, सोना! मंत्री ने बेटे से कहा, तुम्हें जब पता है कि सोना कीमती धातु है तो तुम क्यों राजा को गलत जवाब देते हो और चांदी को कीमती धातु कहते हो? बेटे ने कहा– पिताजी, राजा रोज सुबह बाजार में आकर प्रजा से मिलते है और रोज मुझे बुलाकर मेरे सामने 2 सिक्के रखते हैं, जिनमें से एक चांदी का होता है और एक सोने का। सिक्का रखकर राजा मेरे से पूछते हैं कि जो इन दोनों में से अधिक कीमती चीज है, वो तुम ले जाओ और मैं चांदी का सिक्का उठा लेता हूं। ये देखकर राजा हंसते हैं और चले जाते हैं। मंत्री ने अपने बेटे से पूछा, तो तुम क्यों रोज चादी का सिक्का उठा लेते हो? अब पूरा दरबार मेरा मजाक उड़ा रहा है। मंत्री की बात सुन बेटा उन्हें अपने कमरे में ले गया और वहां पर उसने एक पेटी खोली। पेटी चांदी के सिक्कों से भरी हुई थी। इतनी सारी चांदी देखकर मंत्री हैरान हो गया। बेटे ने कहा–पिताजी, जो सिक्के राजा मुझे देते हैं, ये सब वही है। जिस दिन मैंने राजा को सही उत्तर दे दिया, राजा मुझसे ये सवाल पूछना बंद कर देंगे और मुझे रोज एक सिक्का मिलना बंद हो जाएगा, ऐसा होने से मेरा नुकसान होगा। अगले दिन मंत्री ने अपने बेटे की चतुराई राजा को बताई और राजा मंत्री के बेटे की चालाकी से बेहद ही प्रभावित हुआ।

सीख– हमें अपनी काबिलियत का दिखावा नहीं करना चाहिए, समय आने पर अपने आप ही सबको पता चल जाएगा।

□□□

सिमरन गुप्ता 11 कला

---

# चिड़िया

चिड़िया रानी चिड़िया रानी ।
तुम हो पेड़ों की रानी ।।
सुबह सवेरे उठ जाती हो ।
ना जाने क्या गाती हो ।।
क्या तुम भी पढ़ने को जाती हो ।
या नौकरी करने को जाती हो ।।
शाम से पहले आती हो
बच्चों का दाना लाती हो ।।
भर–भर चोंच खिलाती दाना ।
चूँ – चूँ चहक सुनाती गाना ।।

□□□

अंशु चौहान 9 स

# घमण्ड सेहत के लिए हानिकारक

एक बार की बात है, दो मुर्गे एक पहाड़ी को लेकर लड़ रहे थे। वे दोनों अपनी पूरी ताकत से लड़ रहे थे, क्योंकि जो भी जीतेगा वह पहाड़ी का राजा बनेगा। अंत में एक मुर्गा जीत गया और दूसरा मुर्गा लड़ाई में गंभीर रूप से घायल हो गया और हार गया। जीतने वाले मुर्गे ने अपनी जीत की घोषणा करने के लिए एक ऊँची उड़ान भरी और तेज आवाज में चिल्ला कर सबको अपनी जीत के बारे में बताया। इतने में एक बाज उड़ता हुआ आया और इस घमण्डी मुर्गे को देखा। उसने झपट्टा मारा और मुर्गे को पकड़ कर दूर ले गया। दूसरा मुर्गा जो हार गया था वह नीचे से सब कुछ देख रहा था, वह जल्दी से बाहर आया और खुद को पहाड़ी का राजा घोषित कर दिया।

**शिक्षा–** जरुरत से ज्यादा घमंड सेहत के लिए खतरनाक होता है।

□□□

सत्यप्रकाश पासी 11 कला

# एक देश एक चुनाव : पक्ष–विपक्ष

एक देश, एक चुनाव का विचार विगत वर्षों में विभिन्न अवसरों पर विभिन्न मंचों के द्वारा चर्चा का विषय बनता जा रहा है। वर्ष 2019 में दूसरी बार प्रधानमंत्री बने श्री नरेन्द्र मोदी ने 19 जून 2019 को एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई, इसके बाद एक बार फिर यह मुद्दा सतह पर आ गया। यद्यपि इस मुद्दे पर लम्बे समय से बहस होती चली आ रही है, किन्तु इस बैठक में भी पूर्व की भांति देश के सभी राजनीतिक दलों में एकजुटता नहीं दिखाई दी। हालांकि वर्तमान सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर एक राय कायम करने हेतु प्रयासरत है। सरकार ने इस मामले पर व्यापक अध्ययन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गयी, जिसकी रिपोर्ट भी आ चुकी है, जिसमें एक देश एक चुनाव के पक्ष में रिपोर्ट दी गयी है, जिसके बाद संविधान संशोधन की कार्यवाही गतिमान है।

***ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य –***

- एक देश, एक चुनाव का मुद्दा आज चर्चा का केन्द्र बिन्दु बना हुआ है किन्तु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही पूरे देश में लोकसभा के साथ राज्य विधानसभाओं के चुनाव कराये गये हैं। वर्ष 1952, 1957, 1962 और 1967 में ऐसा हो चुका है, लेकिन राज्यों के पुनर्गठन और सरकारों की बर्खास्तगी के कारण धीरे–धीरे यह क्रम बिखरता चला गया और वर्ष 1970 के आते यह परम्परा पूरी तरह समाप्त हो गई।

- संसद की स्थायी समिति एक देश एक चुनाव के सम्बन्ध में वर्ष 2015 में भी इसके पक्ष में समर्थन व्यक्त किया और इस मामले को चुनाव आयोग को स्थानांतरित कर दिया ।

- चुनाव आयोग एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर अक्तूबर 2017 में तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओम प्रकाश रावत ने भी कहा था कि एक साथ चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग तैयार है लेकिन निर्णय राजनीतिक स्तर पर किया जाना है। इसके सम्बन्ध में विभिन्न राजनीतिक दलों को विचार करना होगा।

***एक देश–एक चुनाव के विषय पर पक्ष में तर्क –***

1– एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया अपनाने से धन की बचत और समय की बरबादी कम हो सकती है।
2– पूर्व में भी हो चुके हैं एक साथ चुनाव : विगत वर्षों में 1952, 1957, 1962 व 1967 में लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के एक साथ चुनाव हो चुके हैं तो वर्तमान में भी एक साथ चुनाव कराये जा सकते हैं।
3– विश्वास प्रस्ताव की वैकल्पिक व्यवस्था : प्रश्न यह उठता है कि यदि 5 वर्ष से पहले ही सरकार गिर जाती है तो क्या होगा? ऐसी स्थिति में किसी सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के शीघ्र पश्चात ही दूसरी वैकल्पिक सरकार के लिए विश्वास प्रस्ताव लाने की व्यवस्था की जा सकती है।
4– लम्बी चुनाव अवधि से विकास कार्य और योजनाएँ प्रभावित होते हैं : 18 वीं लोकसभा का चुनाव 7 चरणों में 19 अप्रैल 2024 से 01 जून 2024 तक सम्पन्न कराया गया।
5– चुनाव की तिथि की घोषणा के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है, जिससे सरकार नये विकास कार्यों और योजनाओं की घोषणा नहीं कर पाती है। दूसरी ओर पूरे प्रशासनिक अमले, पुलिस और सुरक्षा बलों तथा अन्य विभागों के सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त कर दिया जाता है। जिससे पूर्व में चल रहे अन्य कार्य भी प्रभावित हो जाते हैं।
6– एक देश–एक चुनाव की व्यवस्था से समय की बचत स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों पर भार कम होगा। सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा।



PTO.

***एक देश–एक चुनाव के विषय पर विपक्ष में तर्क –***

1– एक साथ चुनाव कराने से राजनीतिक दलों और नेताओं की जवाबदेही कम या समाप्त हो सकती है जबकि लगातार चुनाव होते रहने से उनकी जनता के प्रति जवाबदेही बनी रहती है।

2– एक साथ चुनाव कराने में भी धन के व्यय को नहीं रोका जा सकता। एक साथ चुनाव कराने से EVM, VVPAT तथा अन्य सामग्री की खरीद का खर्चा और बढ़ जायेगा। चुनाव में खर्चा कम करने के लिए राजनैतिक दलों की खर्च सीमा तय की जानी चाहिए।

3– लोकसभा या विधानसभाओं के नियत समय से पूर्ण भंग हो जाने की स्थितिः यदि लोकसभा या कोई राज्य विधानसभा अपनें नियत समय से पूर्व भंग हो जाती है अर्थात् सरकार गिर जाती है तो ऐसी स्थिति में क्या किया जायेगा ?क्या सभी राज्य विधानसभाएँ फिर से चुनाव में जायेंगी? ना तो यह व्यवहारिक है और ना ही लोकतान्त्रिक मूल्यों के अनुरूप है। लोकसभा या फिर किसी राज्य विधानसभा के कार्यकाल को बढ़ाना या घटाना संविधान सम्मत नहीं है।

**एक देश, एक चुनाव के विचार के मार्ग में चुनौतियाँ –**

देश में एक साथ चुनाव कराने की दिशा में सबसे बड़ी चुनौती लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के कार्यकाल को समन्वित करने की है। राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को लोक सभा के कार्यकाल के साथ समन्वित करने हेतु घटाया या बढ़ायाजा सकता है किन्तु हमारे संविधान निर्माताओं ने चुनाव कराने तथा निर्वाचित विधायिकाओं की अवधि कम करने या बढ़ाने का अधिकार कार्यपालिका में अन्तर्निहित किया है। इसके अतिरिक्त भारत के संविधान में कई ऐसे प्रावधान हैं जो एक देश एक चुनाव की दिशा में बाधा और चुनौती बनते हैं जिनमें संशोधन की आवश्यकता है। श्री रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय कमेटी के रिपोर्ट के बाद सरकार का इस पर सकारात्मक रूख है। विश्व में, एक देश एक चुनाव की व्यवस्था का प्रचलन स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, इण्डोनेशिया, जैसे देशों में है, जिसके लिए वहाँ के संविधान के कुछ प्रावधानों में परिवर्तन किया गया है।

**निष्कर्ष –** उपरोक्त तर्कों के आधार पर कहा जा सकता है कि निःसन्देह एक देश एक चुनाव का विचार सैद्धान्तिक रूप से आकर्षक व अच्छा है किन्तु इस सन्दर्भ में संविधान के संघीय ढाँचे, भारत की विविधता में एकता और अखण्डता, विभिन्न स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दों को ध्यान में रखकर ही विचार किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दों को ध्यान में रखकर ही विचार किया जाना चाहिये। इसके साथ–साथ देश के विभिन्न राजनीतिक दलों की इस मुद्दे पर एक राय होनी चाहिए, जिससे कि इस प्रक्रिया को लागू करने में कोई कठिनाई या अड़चन ना आये, अन्ततः इस पर देश व समाज के सभी वर्गों द्वारा व्यापक विचार–विमर्श किये जाने की आवश्यकता है।

□□□

कुमारी पिंकी साहनी 11 कला

---

# चुटकुला

* पति– तुम घर में दही क्यों नहीं जमा लेती हो, ...सस्ता भी पड़ता और शुद्ध भी।
  पत्नी– नहीं जमाना, क्योकि मैने शादी से पहले ही क्लियर कर दिया था।
  पति– क्या क्लियर कर दिया था?
  पत्नी– यही कि '' अगर तुम मिल जाओं तो हम जमाना छोड़ देगें''।
* एक मक्खी की शादी एक मच्छर से हो गयी। अगले दिन मक्खी खूब रोई, मक्खी की बहन ने पूछा– जीजी क्या हुआ? मक्खी बोली– मैने रात में गुड नाइट जला दिया, तेरा जीजा मर गया।

□□□

ममता गोड़ कक्षा 9 स

## !! शैक्षिक गतिविधियों की झलक !!

1— बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किए जाने हेतु दिनांक 05–06–2025 को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उप जिला मजिस्ट्रेट, खड्डा मो0 जफर जी द्वारा छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। सभी वर्गो से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं का विवरण निम्नवत् है–

| वर्ग | नाम | पिता का नाम | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| **हाईस्कूल** | राधा कुमारी | श्री सज्जन कुशवाहा | 543 | 600 | 90.5 |
| **इण्टर कृषि भाग–2** | सौरभ मिश्रा | श्री संजय कुमार मिश्रा | 820 | 1000 | 82.00 |
| **इण्टर कृषि भाग–1** | कु0 बन्दना | श्री काशीनाथ कुशवाहा | 337 | 450 | 74.88 |
| **इण्टर मानविकी** | कु0 काजल कुशवाहा | श्री करून कुशवाहा | 394 | 500 | 78.8 |

2— शिक्षा निदेशक (मा0) उ0प्र0 लखनऊ, जिलाधिकारी महोदय, कुशीनगर एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, कशीनगर के विभिन्न आदेशों/निर्देशों के अनुपालन में 11वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 16–06–2025 को विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का अपील किया गया। उक्त रंगोली निर्माण में निम्न छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया–

| कक्षा 11 | कक्षा 12 |
|---|---|
| कु0 पिंकी साहनी पुत्री श्री जवाहर साहनी | कु0 मनीषा पुत्री श्री राजाराम कुशवाहा |
| कु0 अनुराधा कुशवाहा पुत्री श्री विनोद कुशवाहा | कु0 रागिनी पुत्री श्री श्यामलाल चौहान |
| कु0 खुशबु खातून पुत्री श्री इस मोहम्मद | कु0 राधिका भारती पुत्री श्री काशीनाथ भारती |
| कु0 प्रियंका साहनी पुत्री श्री जवाहर साहनी | |

3— 11वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के अवसर पर प्रातः 06:30 बजे से अध्यक्ष नगर पंचायत छितौनी, कुशीनगर, सभासद गण नगर पंचायत छितौनी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में विद्यालय के शिक्षक/कर्मचारी/छात्रा/छात्रा द्वारा Yoga Sangam Event के अन्तर्गत सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

4— 11वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास के उपरान्त पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका परिणाम निम्नवत् रहा–

| वर्ग/स्थान | इण्टरमीडिएट | | हाईस्कूल | |
|---|---|---|---|---|
| **प्रथम** | कुमारी पिंकी साहनी | 11 कला | कुमारी गुन्जा गुप्ता | 10 अ |
| **द्वितीय** | कु0 कंचन कुशवाहा | 11 कला | प्रिन्स शर्मा | 10 स |
| **तृतीय** | कुमारी रागिनी निषाद | 12 कला | मनीषा कुमारी | 10 अ |
| | | | कु0 काजल कुशवाहा | 10 अ |

5— रंगोली निर्माण एवं पोस्टर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले उक्त छात्र/छात्राओं को स्वतन्त्रता दिवस 2025 के अवसर पुरस्कार वितरण किया गया।

6– दिनांक 08–08–2025 को विद्यालय में 14 समूहों में छात्र/छात्राओं द्वारा तिरंगा रंगोली बनाकर हर–घर तिरंगा फहराने का अपील किया गया।

7– 79वें स्वतन्त्रता दिवस 2025 के अवसर पर हर–घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत विद्यालय के शिक्षक/कर्मचारी/छात्रा/छात्रा द्वारा प्रतिकूल मौसम में भी दिनांक 13–08–2025 को तिरंगा यात्रा निकाला गया, **ताकि हर घर फहरे तिरंगा**। तिरंगा यात्रा को महिला शिक्षिकाओं द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। HarGharTiranga के लिंक/पोर्टल पर तिरंगा सेल्फी लेकर अपलोड किया गया एवं समस्त षिक्षकों/छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

8– बोर्ड परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले हाई स्कूल (कक्षा–10) के विद्यार्थयों के मध्य Target Classes कक्षाएं प्रत्येक दिवस **सातवें एवं आठवें वादन** में संचालित की जा रही, जिसके माध्यम से छात्र/छात्राओं को उन विषयों में सहायता प्रदान करना है जहाँ उन्हें अतिरिक्त निर्देश की आवश्यकता है, छात्रों की अधिगम संबंधी त्रुटियों और कठिनाइयों को पहचान कर उन्हें दूर करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, ताकि छात्र/छात्राएं आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। Target Classes में प्रतिदिन अलग–अलग शिक्षक छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन करेंगें। Target Classes में 30 छात्र/छात्राएं ही शामिल है, जिनका चयन एक परीक्षा, जों दिनांक 30–08–2025 को आयोजित किया गया था, के परिणाम के माध्यम से किया गया।

9– दिनांक 30–08–2025 को जनपद स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया, यह प्रतियोगिता आर0 पी0 इण्टर कालेज, खड्डा कुशीनगर में आयोजित हुई थी, जिसके नोडल अधिकारी,श्री उदल कुमार , प्रधानाध्यापक, राजकीय उ0 मा0 विद्यालय, कटाई भरपुरवा थे। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में पुरस्कार प्राप्त किया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कु0 रोशनी | 8 अ | कु0 सुलोचना | 9 अ |
| कु0 ज्योति | 9 अ | कु0 अंशु चौहान | 9 स |
| कु0 मधु | 9 स | कु0 पिंकी साहनी | 11 कला |

**10–** दिनांक 28–09–2025 को श्रीमती लाची देवी समाज कल्याण इण्टर कालेज, जटहा बाजार में आयोजित जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता में 19 वर्ष बालक संवर्ग में छितौनी इण्टर कालेज, छितौनी के प्रतिभागी के जनपदीय चैम्पियन बनें।

11– दिनांक 30–09–2025 जो शरदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि भी थी, को मिशन शक्ति अभियान के तहत अष्टम की छात्रा कुमारी प्रिया कुशवाहा को एक दिन हेतु कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनोनित किया गया।

12– 02 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयन्ती के अवसर पर विद्यालय में झण्डारोहण प्रबन्ध समिति के सदस्य श्री प्रदीप उपाध्याय द्वारा किया गया।

13– माध्यमिक विद्यालयीय खेल–कूद प्रतियोगिताओं के संचालन हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक, कुशीनगर द्वारा छितौनी इण्टर कालेज, छितौनी, कुशीनगर को तहसील–खड्डा का प्रभारी नामित किया गया। इसके अन्तर्गत दिनांक 16–17 अक्टूबर 2025 को माध्यमिक शिक्षा विभाग की तहसील स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिसमें तहसील खड्डा के माध्यमिक विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। तदोपरान्त सफल प्रतिभागी छात्र/छात्राओं द्वारा दिनांक 23–24 अक्टूबर 2023 को बुद्ध

इण्टरमीडिएट कालेज, कुशीनगर में आयोजित जनपद स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया, जिनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणामस्वरूप तहसील–खड्डा को जनपद स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जनपद स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी छात्र/छात्राओं द्वारा दिनांक 27–28 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी इण्टर कालेज, गोरखपुर में आयोजित मण्डल स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया, जिनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणामस्वरूप जनपद–कुशीनगर को मण्डल स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

14– दिनांक 23–24 अक्टूबर 2023 को बुद्ध इण्टरमीडिएट कालेज, कुशीनगर में आयोजित जनपद स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता में संस्था के 18 प्रतिभागी प्रतिभाग किए, जिसमें संस्था को 02 स्वर्ण, 07 रजत, 05 कांस्य सहित कुल 14 पदक प्राप्त हुआ। पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विवरण निम्न है–

| Age Group | Event | प्रतिभागी का नाम | जनपद में पदक |
|---|---|---|---|
| U–19 बालक वर्ग | 100 मीटर | नूर मोहम्मद | कांस्य |
| U–17 बालक वर्ग | 1500 मीटर | मुकेश गिरी | रजत |
| U–17 बालक वर्ग | 3000 मीटर | मुकेश गिरी | कांस्य |
| U–17 बालक वर्ग | 1500 मीटर | अभिषेक गिरी | रजत |
| U–17 बालक वर्ग | चक्र फेंक | अभिषेक गोड़ | स्वर्ण |
| U–17 बालक वर्ग | भाला फेंक | अभिषेक गोड़ | स्वर्ण |
| U–17 बालिका वर्ग | त्रिकूद | अनुराधा कुशवाहा | रजत |
| U–17 बालिका वर्ग | भाला फेंक | अनुराधा कुशवाहा | रजत |
| U–17 बालिका वर्ग | 800 मीटर | आंचल गुप्ता | रजत |
| U–17 बालिका वर्ग | 3000 मीटर | आंचल गुप्ता | कांस्य |
| U–17 बालिका वर्ग | 1500 मीटर | आंचल सिंह | कांस्य |
| U–17 बालिका वर्ग | 3000 मीटर | आंचल सिंह | रजत |
| U–14 बालिका वर्ग | गोला | अंशु चौहान | रजत |
| U–14 बालिका वर्ग | 800 मीटर | अंशु चौहान | कांस्य |

15– 27–28 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी इण्टर कालेज, गोरखपुर में आयोजित मण्डल स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता में संस्था के 06 प्रतिभागी प्रतिभाग किए, जिसमें संस्था को 02 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। मण्डल स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विवरण निम्न है–

| Age Group | Event | प्रतिभागी का नाम | जनपद में पदक |
|---|---|---|---|
| U–17 बालिका वर्ग | 3000 मीटर | आंचल सिंह | कांस्य |
| U–17 बालक वर्ग | भाला फेंक | अभिषेक गोड़ | कांस्य |

**16–** राजकीय बालिका इण्टर कालेज, पडरौना, कुशीनगर में दिनांक 07–11–2025 को आयोजित जनपद स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कान्ग्रेस में मार्गदर्शक शिक्षक श्री शिवेन्द्र प्रकाश, स0अ0 के नेतृत्व में विद्यालय से निम्नवत् छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

| प्रोजेक्ट | प्रतिभागी का नाम | पिता का नाम |
|---|---|---|
| 01 | साहिल शर्मा | श्री चन्द्रभान शर्मा |
| | प्रदीप गुप्ता | '' शैलेष गुप्ता |
| | ब्रम्हा गोड़ | '' अनिरूद्ध गोड़ |

**17–** बाल दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर बालकों का 3000 मीटर एवं बालिकाओं के 1500 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया था, जिसे मा0 अध्यक्ष नगर पंचायत छितौनी, श्री अशोक निषाद हरा झण्डा दिखाकर रवाना किया गया। इस दौड़ का परिणाम निम्नवत रहा–

| बालक वर्ग | | बालिका वर्ग | |
|---|---|---|---|
| छात्र का नाम | कक्षा | छात्रा का नाम | कक्षा |
| मुकेश गिरी | 10 स | आंचल गुप्ता | 10 स |
| अमरजीत गौतम | 11 कला | आंचल सिंह | 7 अ |
| अभिषेक गिरी | 10 स | अंशु चौहान | 9 स |

18– दिनांक 14–11–2025 को बाल मेला का आयोजन किया गया।

19– दिनांक 26–11–2025 को संविधान दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें इण्टरमीडिएट के कला वर्ग से 04 सदस्यों वाली 04 टीमों ने प्रतिभाग, जिसका परिणाम निम्नवत् रहा–

| प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ |
|---|---|---|---|
| **11 कला** | **12 कला** | **11 कला** | **12 कला** |
| पिंकी साहनी | किरन | रानी कुशवाहा | रागिनी चौहान |
| कंचन कुशवाहा | नन्दनी वर्मा | अर्चना सिंह | सलोनी गोड़ |
| प्रियंका साहनी | गोल्डी चौहान | खुशी | राधिका भारती |
| सुनील कुशवाहा | शीतल कुमारी | सत्यप्रकाश पासी | नेहा गुप्ता |

20– दिनांक 26–11–2025 को ही संविधान दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका परिणाम निम्नवत् रहा–

| पुरस्कार | प्रतिभागी का नाम | पिता का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|
| प्रथम | काजल | श्री सुरेन्द्र कुशवाहा | 10 अ |
| द्वितीय | संगम | '' मजनू | 10 ब |
| तृतीय | अंजनी कुशवाहा | '' हरिन्दर कुशवाहा | 10 अ |

26– दिनांक 09–10–2025 से दिनांक 30–10–2025 तक शैक्षिक सत्र 2025–26 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा सम्पन्न हुई थी। कक्षावार एकीकृत औपबन्धिक परीक्षाफल दिनांक 19–11–2025 से 25–11–2025 तक विद्यालय की बेबसाइट पर प्रदर्शित थी। अंको से असंतुष्ट छात्रों के प्रत्यावेदनों के निस्तारण उपरान्त दिनांक 29–11–2025 को एकीकृत प्राप्तांक सूची विद्यालय की बेबसाइट www.cickushinagar.in पर प्रदर्शित किया गया तथा अभिभावक–अध्यापक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। शैक्षिक सत्र 2025–26 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा में कक्षावार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा निम्नवत् है–

| CLASS | ROLL NO. | NAME | F.NAME | OB. MARK | M. MARK |
|---|---|---|---|---|---|
| VI- A | 252600003 | KUMARI NANDANI | RAJESH PRASAD | 491 | 700 |
| VI-B | 252600096 | MOHAMMAD ARAMAN | NAJEER | 489 | 700 |
| 7-A | 252600206 | NEHA CHAUHAN | GUDDU CHAUHAN | 551 | 700 |
| 7-B | 252600263 | VIVEK KUMAR KUSHWAHA | RAJ KUMAR | 620 | 700 |
| 8-A | 252600403 | AMRITA | SURENDRA BHARTI | 579 | 700 |
| 8-B | 252600477 | RAVI KISHAN | SHRI CHAUDHARI | 505 | 700 |
| 9-A | 252600577 | JYOTI | MANOJ JAISWAL | 292 | 420 |
| 9-B | 252600731 | GAJADHAR | NANDLAL PRASAD | 286 | 420 |
| 9-C | 252600860 | MAMTA | VINOD GOND | 348 | 420 |
| 10-A | 252601109 | ANJANI | HARENDRA | 320 | 420 |
| 10-B | 2252601223 | MOHAN KUSHWAHA | UMESH KUSHWAHA | 244 | 420 |
| 10-C | 2252601285 | ISHA SHARMA | BRAJESH KUMAR SHARMA | 356 | 420 |
| 11-Arts | 252601363 | PINKI SAHANI | JAWAHAR | 391 | 500 |
| 12-Arts | 252601668 | NANDANI VERMA | SURENDRA VERMA | 358 | 500 |
| 11- Ag | 252601755 | SONU CHAUHAN | SURESH CHAUHAN | 141 | 250 |
| 12-Ag | 252601763 | BANDANA | KASHINATH KUSHWAHA | 253 | 300 |

21– दिनांक 22–12–2025 को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका परिणाम निम्नवत् रहा–

| वर्ग/ स्थान | इण्टरमीडिएट | | | हाईस्कूल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिभागी का नाम | पिता का नाम | कक्षा | प्रतिभागी का नाम | पिता का नाम | कक्षा |
| प्रथम | सत्य प्रकाश पासी | श्री गुलाब पासवान | 11 | प्रदीप गुप्ता | श्री शैलेश गुप्ता | 10 |
| द्वितीय | रितेश कुशवाहा | श्री धर्मपाल कुशवाहा | 11 | अजीत कु0 शर्मा | श्री ब्रजेष कु0 शर्मा | 10 |
| तृतीय | सोनू चौहान | श्री सुरेश चौहान | 11 | साहिल शर्मा | श्री चन्द्रभान शर्मा | 10 |

22– दिनांक 23–12–2025 को राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें इण्टर कृषि वर्ग से 04 सदस्यों वाली 04 टीमों ने प्रतिभाग, जिसका परिणाम निम्नवत् रहा–

| प्रथम | द्वितीय |
|---|---|
| बन्दना कुशवाहा | सोनू चौहान |
| निलेश कुशवाहा | आदित्य कुमार |
| लारेन्स जायसवाल | मुकेश कुशवाहा |
| नेहा गुप्ता | कृष्णा कुशवाहा |

## !! 67वीं वार्षिक खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा !!

- संस्था की 67वीं वार्षिक खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा दिनांक 03–01–2026 से 04–01–2026 तक आयोजित हुई।
- इस प्रतिस्पर्धा का शुभारम्भ दिनांक 03–01–2026 को प्रबन्ध समिति के सदस्य श्री प्रदीप उपाध्याय तथा श्री प्रहलाद मौर्य द्वारा विद्यालयी झण्डारोहण, मशाल जलाकर किया गया। इस अवसर पर श्री ऊदल कुमार प्रधानाध्यापक राजकीय उ0 मा0 विद्यालय मोतीललहा, तथा श्री सिद्धार्थ कुशवाहा प्रधानाचार्य श्रीमती लाची देवी समाज कल्याण इ0 कालेज, जटहा भी उपस्थित थे। प्रथम दिवस दौड़, क्रिकेट, रंगोली एवं मेंहदी की प्रतिस्पर्धा हुई।
- 67वीं वार्षिक खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन का प्रारम्भ मा0 सभासद श्री रूस्तम अली द्वारा किया गया। दिनांक 04–01–2026 को लम्बी दूरी की दौड़ प्रतियोगिताएं, गोला क्षेपण चक्का क्षेपण, भाला क्षेपण, लम्बी कूद, खो–खो, भाषण, नृत्य एवं गायन की प्रतियोगिता हुई।
- प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर श्री अविनाश पति तिवारी, सहायक सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए एवं विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर अपने उद्‌बोधन से छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा विद्यालयी झण्डा उतारकर राष्ट्रगान के साथ 65वीं वार्षिक खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा का समापन हुआ। समापन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजीव कुमार मल्ल, प्रधानाध्यापक, राजकीय उ0 मा0 वि0 मोतीललहा, कुशीनगर उपस्थित थें।
- संस्था की 67वीं वार्षिक खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा के सफल आयोजन में क्रीड़ा शिक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह (शा0शि0 जनता इण्टर कालेज, बैरौना, देवरिया ), श्री अभिषेक चौहान (शा0शि0 जनता इण्टर कालेज, कोटवा कला ), श्री सुजित सिंह पटेल (शा0शि0 शतुध्नजीत नरेन्द्र प्रताप गन्ना कृषक इण्टर कालेज, सिंगहा ), द्वारा निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया गया। इस हेतु प्रधानाचार्य श्री आकाश कुमार सिंह द्वारा विद्यालय परिवार के तरफ से उपस्थित सभी क्रीड़ा शिक्षक/प्रशिक्षक का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।
- संस्था की 67वीं वार्षिक खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा को प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार बन्धुओं ने अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों/बेब पोर्टल पर उचित स्थान प्रदान किया गया। इस हेतु प्रधानाचार्य श्री आकाश कुमार सिंह द्वारा विद्यालय परिवार के तरफ से सभी पत्रकार बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।
- 67वीं वार्षिक खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा में विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभागिता से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन छात्र एवं छात्राओं को ओवरआल चैम्पियनशिप से पुरस्कृत किया गया।

| पुरस्कार | बलिका वर्ग | बालक वर्ग | विशेष |
|---|---|---|---|
| **प्रथम** | अमरजीत | अंशु चौहान | 01 वर्ष तक निःशुल्क शिक्षा |
| **द्वितीय** | रंजीत | आँचल गुप्ता | 06 माह तक निःशुल्क शिक्षा |
| **तृतीय** | नूर मोहम्मद | गोल्डी चौहान | 03 माह तक निःशुल्क शिक्षा |

- 67वीं वार्षिक खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा में सभी प्रतियोगिता में बालक/बालिका एवं जूनियर/सीनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिनका विवरण निम्नवत् है–

**सीनियर बालक वर्ग**

| प्रतिस्पर्धा | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| 100 मीटर दौड़ | नूर मोहम्मद | बब्लू निषाद | अमरजीत |
| 200 मीटर दौड़ | अमरजीत गौतम | अभिषेक गिरी | नूर मोहम्मद |
| 400 मीटर दौड़ | अमरजीत गौतम | मुकेश गिरी | अभिषेक गिरी |
| 800 मीटर दौड़ | अमरजीत गौतम | मुकेश गिरी | अभिषेक गिरी |
| 1500 मीटर दौड़ | अमरजीत गौतम | मुकेश गिरी | अभिषेक गिरी |
| 3000 मीटर दौड़ | अमरजीत गौतम | मुकेश गिरी | अभिषेक गिरी |
| गोला क्षेपण | बब्लू निषाद | विनोद | अभिषेक गिरी |
| चक्र क्षेपण | बब्लू निषाद | अंश गुप्ता | मुकेश गिरी |
| भाला क्षेपण | नूर मोहम्मद | तेज प्रताप | अंश गुप्ता |
| लम्बी कूद | नूर मोहम्मद | बब्लू निषाद | मुकेश गिरी |

**सीनियर बालिका वर्ग**

| प्रतिस्पर्धा | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| 100 मीटर दौड़ | आंचल गुप्ता | पुष्पा शर्मा | लक्की शर्मा |
| 200 मीटर दौड़ | संजना गुप्ता | आंचल गुप्ता | गोल्डी चौहान |
| 400 मीटर दौड़ | गोल्डी चौहान | संजना गुप्ता | आंचल गुप्ता |
| 800 मीटर दौड़ | आंचल गुप्ता | गोल्डी चौहान | किरन गुप्ता |
| 1500 मीटर दौड़ | गोल्डी चौहान | आंचल गुप्ता | किरन गुप्ता |
| 3000 मीटर दौड़ | गोल्डी चौहान | आंचल गुप्ता | किरन गुप्ता |
| गोला क्षेपण | किरन गुप्ता | अनुराधा कुशवाहा | नेहा कुमारी |
| चक्र क्षेपण | अनुराधा कुशवाहा | नेहा कुमारी | आंचल गुप्ता |
| भाला क्षेपण | किरन गुप्ता | अनुराधा कुशवाहा | पुष्पा शर्मा |
| लम्बी कूद | पिंकी साहनी | नेहा कुमारी | लक्की शर्मा |
| नृत्य | अर्चना सिंह | नेहा गुप्ता | – |
| गायन | शकुन्तला यादव | प्रियंका साहनी | प्रीति कुमारी |

## जूनियर बालक वर्ग

| प्रतिस्पर्धा | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| 100 मीटर दौड़ | रंजीत | तनवीर आलम | विवेक चौहान |
| 200 मीटर दौड़ | रंजीत | तनवीर आलम | विवेक चौहान |
| 400 मीटर दौड़ | रंजीत | राहुल यादव | सागर यादव |
| 600 मीटर दौड़ | रंजीत | आनन्द यादव | राहुल यादव |
| गोला क्षेपण | इस्तकार अली | तनवीर आलम | धनन्जय चौहान |
| चक्र क्षेपण | इस्तकार अली | आनन्द यादव | तनवीर आलम |
| लम्बी कूद | आशीष कुमार | आनन्द यादव | तनवीर आलम |
| नृत्य | अमित रंजन | ब्रहमा कुमार | विशाल चौधरी |

## जूनियर बालिका वर्ग

| प्रतिस्पर्धा | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| 100 मीटर दौड़ | अंशु चौहान | आंचल सिंह | नेहा कुशवाहा |
| 200 मीटर दौड़ | अंशु चौहान | आंचल सिंह | खुशी यादव |
| 400 मीटर दौड़ | अंशु चौहान | नेहा कुशवाहा | काजल चौहान |
| 600 मीटर दौड़ | अंशु चौहान | आंचल सिंह | खुशी यादव |
| गोला क्षेपण | अंशु चौहान | नेहा कुशवाहा | आंचल कुमारी |
| चक्र क्षेपण | गरिमा गोड़ | शायरा खातुन | अंशु चौहान |
| लम्बी कूद | अंशु चौहान | गरिमा गोड़ | शायरा खातुन |
| नृत्य | सुलोचना | प्रियंका खरवार | रोशनी चौहान |
| गायन | प्रियंका खरवार | नन्दनी कुशवाहा | काजल चौहान |

- टीम स्पर्धा में हुए प्रतियोगिता का विवरण निम्नवत् है–

| प्रतिस्पर्धा | वर्ग | विजेता | कप्तान | उप विजेता | कप्तान |
|---|---|---|---|---|---|
| किक्रेट | बालक | कक्षा 11 कला | नूर मोहम्मद | कक्षा 10 | बब्लू निषाद |
| खो–खो | बालक | कक्षा 10 | अभिषेक गिरी | कक्षा 11 कला | नूर मोहम्मद |
| खो–खो | बालिका | कक्षा 11 कला | अनुराधा कुशवाहा | कक्षा 10 | आंचल गुप्ता |
| रंगोली | सीनियर | समूह सं0–04 | मनीषा कुशवाहा | समूह सं0–03 | नन्दनी वर्मा |
| रंगोली | जूनियर | समूह सं0–08 | अमृता भारती | समूह सं0–05 | अजूबा |
| मेंहदी | सीनियर | विभा चौधरी एवं शगुन गुप्ता | | शाबरा एवं सलमा सितारा | |
| मेंहदी | जूनियर | रानी चौधरी एवं नाजिया खातून | | रेखा कुमारी एवं रंजना | |

इसके अतिरिक्त रंगोली में कुल 16 समूह के प्रतिभागी तथा मेंहदी में कुल 20 समूह के प्रतिभागी प्रतिभाग किए थे, जिन्हे सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

- भाषण प्रतियोगिता का परिणाम निम्नवत् रहा–

| वर्ग/स्थान | सीनियर | | | जूनियर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिभागी का नाम | पिता का नाम | कक्षा | प्रतिभागी का नाम | पिता का नाम | कक्षा |
| प्रथम | साहिल शर्मा | श्री चन्द्रभान शर्मा | 10 | गोलू | श्री अजय | 10 |
| द्वितीय | ईशा शर्मा | श्री ब्रजेश कु0 शर्मा | 10 | रोशनी | श्री अजय चौहान | 10 |
| तृतीय | नन्दनी वर्मा | श्री सुरेन्द्र वर्मा | 12 | ममता गोड़ | श्री विनोद गोड़ | 10 |



योगा
छितौनी इण्टर कालेज


श्री विनायक
छितौनी इण्टर कालेज